

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 8 मार्च 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-339 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## राजिम में साधु-संतों ने निकाली शोभायात्रा, किया शाही स्नान



राजिम,8 मार्च।महाशिवरात्रि के अवसर पर आज कुलेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है. भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजा कर भक्त परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे. वहीं राजिम कुंभ कल्प में साधु संतों ने भव्य शोभायात्रा निकाली व महानदी में शाही स्नान किया. बता दें कि देशभर से साधु संत राजिम कुंभ कल्प पहुंचे हैं. बड़ी संख्या में विदेश से भी पर्यटक पहुंचे हैं. महाशविरात्रि पर शोभायात्रा के दौरान नागा साधुओं ने शौर्य प्रदर्शन किया. विशाल शोभायात्रा को देखने लाखों की संख्या में लोग पहुंचे हैं. आज शाम को राजिम कुंभ कल्प का समापन होगा. समापन समारोह में राज्यपाल शामिल होंगे.

# रायपुर से अयोध्या जा रही आस्था स्पेशल ट्रेन पर पथराव

**रायपुर,8 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी रायपुर से अयोध्या जा रही आस्था स्पेशल ट्रेन में पथराव यूपी के नंदुरबार और सुल्तानपुर से पहले आउटर में असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है कुछ पत्थर ट्रेन के अंदर आकर गिरे। हालांकि गनीमत ये रही कि कोई यात्री घायल नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी और आरपीएफ ने शुरुआती जांच के बाद ट्रेन को रवाना किया। यह पहली घटना है, जब आस्था स्पेशल में पथराव हुआ है। इससे पहले सूरत और महाराष्ट्र से अयोध्या जा रही ट्रेन में पथराव किया गया था। 28 फरवरी को रायपुर लौटे यात्री रमेश वर्मा ने बताया कि सुबह के वक्त जब ट्रेन सुल्तानपुर पहुंचने वाली थी, उससे पहले कुछ लोगों ने दूर से पत्थर ट्रेन पर फेंकना शुरू कर दिया। एसी 1 और एस 5 में पत्थर मारे गए। पथराव होता देख यात्रियों ने खिड़की बंद करना शुरू किया, जिसके बाद आरपीएफ और जीआरपी ने भी ट्रेन के यात्रियों को खिड़की और दरवाजे बंद करने को कहा। अयोध्या पहुंचते तक यात्री दहशत में रहे।

अयोध्या से रायपुर लौटते वक्त यूपी से ट्रेन गुजरने के बाद भी खिड़की खोली। असामाजिक तत्व लगातार विभिन्न राज्यों से अयोध्या जा रही आस्था स्पेशल ट्रेन पर पथराव कर रहे हैं। यात्रियों के मुताबिक जब ट्रेन पथराव हुआ, उस समय एक साथ कई तरफ से पत्थर फेंके जा रहे थे। आशंका है कि पत्थरबाज कोई एक आदमी नहीं, बल्कि कई लोग थे। अचानक हुए इस पथराव की वजह से यात्री डर गए और खुद का बचाव करने लगे। आनन फानन में यात्रियों ने ट्रेन के खिड़की दरवाजे बंद किए। बावजूद इसके कई पत्थर कोच के अंदर आ गए। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ का दस्ता भी मौके पर पहुंचा और थोड़ी देर तक जांच पड़ताल के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया। महीने भर में अयोध्या जा रही चार से अधिक ट्रेनों में पथराव हो चुका है, जिसमें रायपुर से गुजरने वाली आस्था ट्रेन भी शामिल है। जानकारी मुताबिक गुजरात के सूरत से अयोध्या जा रही आस्था ट्रेन पर रविवार को ट्रेन पर जमकर पथराव किया था। इससे पहले महाराष्ट्र की आस्था ट्रेन में हमला हुआ था। आरपीएफ और जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

## महतारी वंदन योजना की पहली किस्त अब 10 मार्च को

**रायपुर,8 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की पहली किस्त अब 10 मार्च को को महिलाओं के खाते में ट्रांसफर की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी शेयर की है। इससे पहले 8 मार्च और बादमें 7 मार्च की तारीख तय हुई थी लेकिन प्रधानमंत्री का समय नहीं मिल सका। इस वजह से कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। बता दें कि, महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को फायदा मिलेगा। महिलाओं का खाते में पहली किस्त के तौर पर एक हजार रुपए डाले जाएंगे। नई तारीख के ऐलान के साथ ही अब प्रधानमंत्री की सभा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली महिलाओं को यह राशि जारी करेंगे। राजधानी समेत जिला और ब्लॉक मुख्यालय, नगरीय निकाय क्षेत्रों में महिला सम्मेलन का आयोजन महतारी वंदन सम्मेलन के रूप में किया जाएगा। इस दौरान पीएम हितग्राहियों से वर्चुअली बात भी करेंगे। यह कार्यक्रम रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय शामिल होंगे। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की सभी पात्र विवाहित महिला हितग्राहियों के खाते में DBT के जरिए राशि ट्रांसफर करेंगे।

# सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत

**नई दिल्ली,8 मार्च।** इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी और मशहूर लेखिका सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मानोनीत किया है। गौरतलब है कि 74 वें गणतंत्र दिवस पर भारत सरकार ने पद्म पुरस्कारों के लिए जिन लोगों के नामों की घोषणा की, उसमें से एक सुधा मूर्ति भी था। सुधा मूर्ति को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया थी। इसके पहले उन्हें पद्मश्री भी मिल चुका है। सुधा मूर्ति का नाम हाल के वर्षों में कई कारणों से सुर्खियों में रहा है। सुधा मूर्ति औद्योगिक जगत को बड़ा और सम्मानित नाम हैं। वह एक दमदार पारिवारिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं, बावजूद इसके सुधा मूर्ति की सादगी से लोग अधिक प्रभावित हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर उनके प्रेरक किस्से और जीवन जीने की कला सिखाते वीडियो वायरल हो जाते हैं, जिससे हर किसी को प्रेरणा लेनी चाहिए। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि मुझे खुशी है कि भारत के राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति जी को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सुधा जी का योगदान अतुलनीय और प्रेरणादायक रहा है। राज्यसभा में उनकी उपस्थिति हमारी 'नारी शक्ति' का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो हमारे देश की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण है। उनके सफल संसदीय कार्यकाल की कामना करता हूं।



बता दें कि सुधा और नारायण मूर्ति के दो बच्चे हैं। उनकी बेटी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन के वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं। अक्षता की पहचान ब्रिटेन में रहने वालीं भारतीय फैशन डिजाइनर के रूप में भी है। वहीं, उनके बेटे रोहन मूर्ति अमेरिका बेस्ड सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट फर्म सोरोको के फाउंडर हैं, जो डाटा को ऐसी मीनिंगफुल जानकारी में बदलने में मदद करती है। इसके अलावा रोहन मूर्ति द्वारा भारत में मूर्ति क्लासिकल लाइब्रेरी की भी स्थापना की गई है, जो अमेरिकी संस्कृत विद्वान शेल्डन पोलक की अध्यक्षता वाली क्ले संस्कृत लाइब्रेरी परियोजना का हिस्सा है। उनकी पत्नी अपर्णा कृष्णन की बात करें तो वे रिटायर्ड नेवी ऑफिसर केआर कृष्णन और पूर्व बैंकर सावित्री कृष्णन की बेटी हैं।

## हवाईजहाज से दिल्ली रवाना हुईं विशेष पिछड़ी जनजाति की एसएचजी दीदियां

**रायपुर,8 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरबा, कमार के स्व सहायता समूह के सदस्यों की 64 महिलाएं आज हवाई जहाज से दिल्ली रवाना हुईं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इन्हें रवाना किया। वे यहां राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगी। वहां इन्हें अपने समूह द्वारा बनाये गये उपहार भेंट करेंगी। राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान का भ्रमण करेंगी। ये महिलाएं प्रदेश के अलग-अलग जिले कबीरधाम, बलरामपुर, रायगढ़, धमतरी, कोरबा, गरियाबंद और जशपुर के स्वयं सहायता समूह के अंतर्गत हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अपने समूह का संचालन कर अपनी आमदनी को बढ़ावा देकर स्वावलंबी बनने वाली इन महिलाओं को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर हवाई जहाज से दिल्ली ले जाया जा रहा है। आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निवास कार्यालय से महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वागत कर दिल्ली रवाना किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें उपहार स्वरूप बैग, जैकेट और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का डिब्बा भेंट किया। उप मुख्यमंत्री से विजय शर्मा ने कहा कि अगर छत्तीसगढ़ महतारी को साक्षात देखना हो तो समूह की इन दीदियों में उनका स्वरूप दिखता है। उन्होंने कहा विशेष पिछड़ी जनजाति की 64 दीदियां राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मिलने हवाई जहाज से जा रही है।

# 370 को निरस्त करने की आलोचना करना अपराध नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,8 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की आलोचना करने वाले अपने व्हाट्सएप स्टेटस के लिए एक प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर को रद्द करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को राज्य के किसी भी फैसले की आलोचना करने का अधिकार है। बॉम्बे हाई कोर्ट के एक आदेश को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने प्रोफेसर जावेद अहमद हजाम के खिलाफ मामला रद्द कर दिया, जिनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए (सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देना) के तहत मामला दर्ज किया गया था।महाराष्ट्र पुलिस ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के संबंध में व्हाट्सएप संदेश पोस्ट करने के लिए कोल्हापुर के हटकनंगले पुलिस स्टेशन में हाजाम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसमें कहा गया था, 5 अगस्त-काला दिवस जम्मू-कश्मीर और 14 अगस्त-हैप्पी इंडिपेंडेंस डे पाकिस्तान। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने संबंधित स्वतंत्रता दिवस पर अन्य देशों के नागरिकों को शुभकामनाएं देने का अधिकार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि भारत का कोई नागरिक 14 अगस्त, जो कि उनका स्वतंत्रता दिवस है, पर पाकिस्तान के नागरिकों को शुभकामनाएं देता है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा ÷भारत का संविधान, अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। उक्त गारंटी के तहत, प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की कार्रवाई की आलोचना करने का अधिकार है या, उस मामले के लिए, उन्हें यह कहने का अधिकार है कि वह राज्य के किसी भी फैसले से नाखुश हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर की स्थिति में बदलाव की कार्रवाई की आलोचना करने का अधिकार है।






एक नजर

## महिला सुरक्षा पर हमेशा फोकस रखती है एएसआई विजया



**कवर्धा, 8 मार्च।** जिला एसपी अभिषेक पल्लव के मागदर्शन में स्कूली, कालेज में बच्चों और स्टूडेंट और टीचर्स और गांव गांव में ग्रामीणों और शहर वासियों को महिला सुरक्षा और बच्चो की सुरक्षा के प्रति लगातार जागरूक किया जाता है। एएसआई विजया कैवर्त ने महिला दिवस पर सभी महिलाओं को बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा की मैं औरत हूं हां गर्व है मुझे मैं एक औरत हूं मैं किसी से कम नहीं सारी दुनिया को दिखाऊंगी हां मैं औरत हूं मुझे गर्व है। तोड़ के हर पिंजर जाने कब मैं उड़ जाऊंगी चाहे लाख बिछा लो पिंजरे फिर भी दूर आसमान में अपनी जगह बनाऊंगी। अपने सपनों को त्याग कर दूसरों के स्वप्न सजाने वाली ,अपने घर को छोड़कर दूसरों के घर जाने वाली , हर घर को स्वर्ग बनाने वाली गर्व है मुझे मैं एक औरत हूं। महिला और बालिका सुरक्षा के प्रति एएसआई विजया कैवर्त स्कूली छात्र छात्राओं को हमेशा जागरूक करती देती हुई दिखी है जिसकी तारीफ भी जनमानस में होती है।

## पोड़ी पुलिस की सक्रियता से सटोरिया पकड़ाया



**कवर्धा, 8 मार्च।** सट्टा पट्टी ,मोबाइल ,एवम् आरोपी का स्कूटी जप्त जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय तिवारी एवम् थाना प्रभारी बोडला श्री उमा राठौर के मार्गदर्शन में, पोड़ी पुलिस टीम द्वारा आरोपी जमीरउद्दीन उर्फ जम्मू पिता जहीरूद्दीन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी को सट्टा पट्टी लिखते हुए आरोपी के कब्जे से सत्ता पट्टी ,मोबाइल एवम् स्कूटी मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## शादी के घर से नगद व चांदी चोरी

**भिलाई, 8 मार्च।** भिलाई वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि अर्जुननगर कैम्प 1 निवासी प्रशांत कुमार अग्रहरि ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके घर में शादी कार्यक्रम दो दिन पहले हुआ था रात में घर खुला कर परिवार सो रहा था गुरुवार की सुबह अज्ञात चोर घर में घुसकर 80 हजार रुपए व चांदी का छल्ला चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में एक नाबालिग को गिरफ्तार कर चोरी का सामान जब्त कर लिया है वहीं दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

## ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिन्हें राशन कार्ड जारी नहीं है, उन्हें भी राशन कार्ड की पात्रता

**महासमुंद 8 मार्च।** सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा आदेश पारित किया गया है कि ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशन कार्ड जारी नहीं है, उन्हें भी पात्रतानुसार राशन कार्ड जारी करने हेतु आदेशित किया गया है। खाद्य नियंत्रक के अनुसार खाद्य विभाग एवं श्रम विभाग समन्वय कर राशन कार्ड जारी करने हेतु प्रयासरत है। अतएव ऐसे सभी पंजीकृत हितग्राही जिन्हें अन्त्योदय या प्राथमिकता राशन कार्ड अभी तक जारी नहीं हुआ है, वे अपने स्थानीय निकाय ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में नगर पालिका, नगर पंचायत में निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर ई-श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता के छायाप्रति के साथ शीघ्र आवेदन पत्र प्रस्तुत करें ताकि उन्हें राशन कार्ड जारी किया जा सके।

## सर्व प्रभारी अधिकारी उड़नदस्ता का प्रशिक्षण 10 मार्च को

**महासमुंद 8 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले के लिए नियुक्त सर्व प्रभारी अधिकारी उड़नदस्ता दल का प्रशिक्षण 10 मार्च 2024 को दोपहर 03:00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधितों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है।

## मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 10 मार्च को

**महासमुंद 8 मार्च।** लोकसभा निवार्चन 2024 के लिए गठित मतदान दलों को विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण प्रदाय किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा विधानसभावार 41 मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किया गया है। सभी मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 10 मार्च 2024 को सुबह 11:00 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिसमें सभी मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति अनिवार्य है।

## श्रमिकों को पंजीयन के लिए 31 मार्च तक अवसर

**दुर्ग 8 मार्च।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से 28 फरवरी 2024 तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैद्यता समाप्ति से 05 वर्ष से अधिक हो चुका है। उनके लिए 05 जून 2023 से 31 मार्च 2024 तक पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर नवीनीकरण कराने मंडल द्वारा नियम शिथिल किया गया था।

सहायक श्रमायुक्त दुर्ग के अनुसार जो श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण हेतु आज तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किये है, ऐसे श्रमिकों से 31 मार्च 2024 तक आवेदन किये जाने के अवसर दिया गया है। 31 मार्च 2024 के पश्चात ऐसे अनवनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जायेगा।

# भरी सभा में आकाश मार्ग से शिव लिंग प्रकट हुआ,देखकर सब रोमांचित

भिलाई, 8 मार्च। कहते हैं यदि सच्ची लगन, साफ दिल से तपस्या कर भगवान को याद करें तो परमात्मा शिव को भी अपना धाम छोड़कर आना पड़ता है कुछ इसी तरह की घटना सेक्टर 7 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्दिशा भवन परिसर में घटी, जहां पर भरी सभा में आकाश मार्ग से शिवलिंग प्रकट हुआ जिसे देखकर सभी रोमांचित हो उठे, यह शिवलिंग ड्रोन द्वारा विशाल पर्वत श्रृंखला से प्रकट हुआ जिसे देखकर सभी के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे जिसके बारे में आशा दीदी ने बताया की टेक्नोलॉजी का सदुपयोग कर हम सतयुग की स्थापना कर सकते हैं, जिसके लिए परमात्मा परमधाम से ब्रह्मा तन का आधार लेकर अवतरित होते हैं। पीस ऑडिटोरियम में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही उमंग उत्साह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भिलाई सेवा



केन्द्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव पिता के बच्चों का श्वांस उमंग उत्साह है जैसे श्वांस के बिना जीवन नहीं चलता ऐसी हमारी हर सांस में उमंग उत्साह समाया हुआ है . दुनिया में निराशा अशांति हो लेकिन हमारा जीवन उमंग उत्साह से भरपूर हो जिसे देख दूसरों को भी जीवन जीने की प्रेरणा मिले। हमें इस पावन पर्व महाशिवरात्रि पर नेगेटिविटी, बुराइयों, कुसंग से दूर रह पवित्र शुभ दृष्टि, श्रेष्ठ संग, दैवीय गुण धारण करने का व्रत रखना है। परमात्मा शिव पिता को ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा भोग स्वीकार कराया गया। तत्पश्चात शिव ध्वजारोहण कर महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी का उद्घाटन तुलसी साहू एवं आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया। यह द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा अलौकिक विशाल पर्वत श्रृंखला पर बनी, जिसमे बनी गुफाओं से सभी ज्योतिर्लिंग के दर्शन होते है . यह झांकी 11 मार्च तक सर्वे के दर्शनार्थ निशुल्क रहेगी। जिसका समय प्रातः 8 से दोपहर 11ः00 तक तथा संध्या 5ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक रहेगा।

महाशिवरात्रि उत्सव



## राधा कृष्ण मंदिर में महा शिवरात्रि पर्व में भोले बाबा का विवाहोत्सव मनाया गया

**कवर्धा, 8 मार्च।** राधा कृष्ण मंदिर में राधा कृष्ण महिला मंडली द्वारा विधि विधान से महा शिवरात्रि पर्व में भोले बाबा का विवाहोत्सव विधि विधान से पूजा कराया गया। पुजारी पंडित सुखचैन तिवारी द्वारा पूजन कराया गया।

# बीएसपी ने सभी प्रमुख मापदंडों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया

**भिलाई, 8 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 के आखरी तिमाही में अपने निष्पादन में तेजी लाते हुए उत्पादन के सभी मापदंडों में अप्रैल से फरवरी, ग्यारह महीने की अवधि में हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील के साथ अन्य क्षेत्रों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया है। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 की अवधि में संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेसों ने 5.44 मिलियन टन का सर्वश्रेष्ठ हॉट मेटल उत्पादन दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2010-11 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 5.20 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन से अधिक है। इसमें संयंत्र की सबसे बड़ी फर्नेस, ब्लास्ट फर्नेस-8 द्वारा उत्पादित 2.43 मिलियन टन का अब तक का उच्चतम उत्पादन शामिल है, जो वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में दर्ज किए गए 2.29 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन से अधिक है। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 की अवधि के दौरान स्टील मेल्टिंग शॉप-2 और 3 द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.15 मिलियन टन क्रूड स्टील उत्पादन दर्ज किया गया, जो कि वित्तीय वर्ष 2010-11 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.85 मिलियन टन से कहीं अधिक है। मॉडेक्स यूनिट, एसएमएस-3 ने पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की अप्रैल से फरवरी अवधि में दर्ज 2.74 मिलियन टन कास्ट




स्टील और 1.68 मिलियन टन कास्ट बिलेट उत्पादन की तुलना में क्रमशः सर्वश्रेष्ठ 3.11 मिलियन टन कुल कास्ट स्टील उत्पादन और 2.10 मिलियन टन कुल कास्ट बिलेट उत्पादन दर्ज किया। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ 4.76 मिलियन टन सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज किया गया, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 4.34 मिलियन टन उत्पादन से अधिक है। वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी की अवधि के दौरान अब तक की सबसे अधिक सेलेबल स्टील लोडिंग 4.72 मिलियन टन दर्ज की गई। लांग रेल उत्पादन के क्षेत्र में संयंत्र की मॉडेक्स यूनिट, यूनिवर्सल रेल मिल ने अप्रैल 2023 से फरवरी 2024 की अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ 7.40 लाख टन लांग रेल उत्पादन दर्ज कर, वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 6.79 लाख टन को पार किया। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल ने भी वित्तीय वर्ष 2022-23 में दर्ज 1.35 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन की तुलना में वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 1.52 लाख टन लॉन्ग रेल उत्पादन दर्ज किया। संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ 8.93 लाख टन कुल लांग रेल उत्पादन कर, वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 8.15 लाख टन लांग रेल उत्पादन को पार किया। वर्तमान वित्त वर्ष अप्रैल से फरवरी की अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ 2.91 मिलियन टन ड्राई ब्लास्ट फर्नेस कोक उत्पादन दर्ज किया, जो कि वर्ष 2010-11 की इसी अवधि में दर्ज 2.85 मिलियन टन से अधिक है। संयंत्र के कोक ओवन ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिदिन 781 ओवन पुशिंग दर्ज करते हुए, वित्त वर्ष 2010-11 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 768 ओवन पुशिंग रिकॉर्ड को पार किया। सिंटर प्लांट्स द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ 7.95 मिलियन टन कुल सिंटर उत्पादन दर्ज किया गया, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 7.27 मिलियन टन सिंटर उत्पादन से अधिक है। प्लेट मिल ने वर्ष 2016-17 में दर्ज 2.15 लाख टन हाई टेंसाइल प्लेट उत्पादन की तुलना में वर्तमान वित्त वर्ष में सर्वश्रेष्ठ 2.30 लाख टन हाई टेंसाइल प्लेट उत्पादन दर्ज किया है।

## लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आबकारी विभाग ने शराब माफियाओं पर कसा नकेल

**दुर्ग 8 मार्च।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार तथा सहायक आयुक्त आबकारी श्री राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में 05 मार्च 2024 को प्रातः गश्त के दौरान आबकारी विभाग द्वारा वृत-धमधा अन्तर्गत ग्राम बानबरद थाना नंदिनी नगर में अवैध शराब के विक्रय/धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपिया सतरूपा आडिल, निवासी - ग्राम बानबरद थाना नंदिनी नगर के कब्जे से कुल 31 पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी कुल मात्रा 5.580 बल्क लीटर जप्त किया गया। उक्त मदिरा का कुल बाजार मूल्य 3410 रू है। प्रकरण में आरोपिया के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक अरविन्द साहू के द्वारा विवेचना में लिया गया है। आबकारी विभाग द्वारा जिले में आबकारी टीम गठित कर अवैध शराब के व्यापार, विक्रय, परिवहन तथा धारण करने वाले आदतन तथा गैर आदतन अपराधियों की पतासाजी तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, अपराधिक कार्यवाही की जा रही है।

## विद्यार्थी ने महाशिवरात्रि पर्व पर बनाई नयनाभिराम पेंटिंग



**भिलाई, 8 मार्च।** सुविख्यात चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने महाशिवरात्रि पर्व पर नयनाभिराम पेंटिंग बनाकर लोगों को बधाई दी है। वे वर्तमान में गीता के 700 श्लोकों पर पेंटिंग बनाने का ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं। प्रस्तुत पेंटिंग की विशेषता है कि शिवजी स्वयं परमात्मा के ध्यान में ऐसे मगन हैं कि उन्हें दुनियादारी से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। कौन किसको मार रहा है या कौन किसको खा रहा है वे इस सबसे परे हो गए हैं। माता पार्वती के नृत्य से भी उनका ध्यान भंग नहीं हो रहा है। जबकि माता पार्वती के गोरे रंग का हरण मां सरस्वती कर चुकी हैं और वे नीली पड़ गई हैं। महाशिवरात्रि का त्यौहार हमें संदेश देता है कि मानव को सांसारिक जीवन में ही नहीं उलझे रहना चाहिए बल्कि समय निकालकर उससे निकल जाना चाहिए।

# भिलाई इस्पात संयंत्र की महिलाएं:आकांक्षाओं से अवसर तक का सफर

भिलाई, 8 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आइये जानते हैं महिला सशक्तिकरण में सहयोगी सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की संवेदनशील किन्तु सशक्त, सहज किन्तु निडर, कोमल किन्तु परिपक्व महिलाओं के बारे में, जो घर के भीतर और बाहर, पारिवारिक और व्यावसायिक दोनों जगहों पर अपने जीवन को सहज तरीके से नियंत्रित करने की शक्ति रखती हैं। बीएसपी के ऑटोमेशन और डिजिटलाइजेशन विभाग की सहायक महाप्रबंधक सुश्री नीरजा शर्मा के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास की यात्रा पर, जिन्होंने न सिर्फ चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) में भाग लिया बल्कि इसके लिए विस्तृत शोध प्रक्रिया के दौरान इस्पात क्षेत्र की बारीकियों और जटिलता को समझने में खुद को समर्पित कर दिया। उनका कहना है कि इस उल्लेखनीय यात्रा का शिखर, सेल स्तर पर भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त करना था, जहां उन्होंने ना केवल प्रतिस्पर्धा की, बल्कि अपने समर्पण और कड़ी मेहनत से विजयी होकर प्रतिष्ठित ट्रॉफी भी हासिल की। सहायक महाप्रबंधक सुश्री स्मिता जैन को सेल स्तर पर











आयोजित विशेष कार्यक्रम आन्या के तहत चुना गया और इसके लिए प्रशिक्षित किया गया। स्मिता जैन का कहना है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में मेरी यात्रा एक कर्मचारी के रूप में अनुभव प्राप्त करने के साथ साथ सीखने, व्यक्तिगत विकास और अवसरों के लिए एक मंच प्राप्त करने के विषयों में यादगार पलों से भरा है। सहायक प्रबंधक श्रीमती लीना वराठे कहतीं हैं, कि वर्तमान परिपेक्ष्य में संयंत्र के भीतर महिलाएं अब पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। कनिष्ठ अधिकारी सुश्री खिलांजली टेमरे बताती हैं कि मुझे गर्व है कि मैं अपना योगदान एक ऐसे संयंत्र को दे रही हूँ जहाँ मैंने अपने जीवन के विभिन्न किरदार को जिया है। मास्टर ओसीटी सुश्री रजनी खोसला का मानना है, कि महिलाएं हमारे समाज में शक्ति का स्तंभ हैं। आइए हम हमेशा उनको आपसी सहयोग करें और उनका सम्मान करें। इन महिलाओं और उनसे जुड़े विषयों को समर्पित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा इसका उत्सव मानने 9 मार्च को दोपहर 1ः45 बजे से 5.30 बजे तक बीएसपी महिला कार्मिकों एवं अधिकारियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम शक्ति-2024% का आयोजन, मानव संसाधन विकास केंद्र के असेम्बली हॉल में किया जायेगा।

## विस निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत पाटन ब्लाक के लिए 33.33 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग, 8 मार्च।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए पाटन विधानसभा के 08 कार्यों के लिए 33 लाख 33 हजार 333 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यां का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन द्वारा की जाएगी।जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भरर में यात्री प्रतिक्षालय निर्माण के लिए 2 लाख 64 हजार 333 रूपए, ग्राम पंचायत सोनपुर सामुदायिक भवन निषाद पारा में अहाता निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम मटिया एवं ग्राम पंचायत गुजरा कलामंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम पंचायत ओदरागहन सीसी रोड मुख्य मार्ग से भर्टीनरवा पहुंच मार्ग के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत करेला कंवर आदिवासी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# बैठक में मनरेगा के निर्माण कार्यों के लिए स्थल चयन सहित सभी कार्य समय पर करने के लिए दिए निर्देश

**दुर्ग, 8 मार्च।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में मनरेगा के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत मनरेगा द्वारा मुख्य उद्देश्य आगामी 3 वर्षो वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 हेतु उपयुक्त स्थल का चयन करते हुए ग्राम सभा से कार्यों के अनुमोदन उपरांत कार्ययोजना तैयार कर, ग्राम पंचायतवार जीआईएस आधारित कार्ययोजना हेतु केएमएल (कीहोल मार्कअप लैंग्वेज) फाईल तैयार कर, वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कराए जाने वाले प्रस्तावित कार्यो की संख्या तथा अनुमानित लागत की तत्काल प्रविष्टि करने सर्वसंबंधितों को निर्देशित किया गया। मनरेगा के तहत निर्माण कार्य का प्रस्ताव केएमएल फाइल के रूप में निर्माण कार्य की स्वीकृति हेतु ग्राम पंचायत के 3 वर्ष की कार्ययोजना तैयार कर तकनीकी अमलों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। जिसका उपयोग गूगल अर्थ जैसे अर्थ ब्राउजर में भौगोलिक डेटा प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। स्थानों को इंगित करने, छवि ओवरले जोड़ने और समृद्ध डेटा को नए तरीकों से प्रदर्शित करने के लिए केएमएल फाइलें बना सकते हैं।

पात्र व्यक्तिगत हितग्राहियों के लगभग 20 प्रतिशत भूमि क्षेत्रफल में बागवानी वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देने के साथ वृक्षारोपण कार्यो को बढ़ावा देने हेतु प्राप्त निर्देश के संबंध में भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत के समस्त पात्र व्यक्तिगत लाभार्थी परिवारों के सहमति से लगभग 20 प्रतिशत भूमि क्षेत्रफल को वृक्षारोपण कार्यो से आच्छादित करने हेतु पहल किया जाना है। इसमें विशेष रूप से बागवानी वृक्षारोपण एवं सड़क किनारे वृक्षारोपण को प्राथमिकता से कराये जाने के निर्देश दिये गये है। लिए गए कार्यों की संख्या, कार्य में लगाए गए पौधों की संख्या एवं कार्य के लिए उपयोग की गई भूमि का क्षेत्रफल एमआईएस में दर्ज किये जाने के भी निर्देश दिए गए है। उक्त बैठक में एसडीओ (आरईएस), सब इंजिनियर (आरईएस), कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, तकनीकी सहायक मनरेगा उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या महिलाओं को किया गया सम्मानित

**दुर्ग, 8 मार्च।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास विभाग के सभाकक्ष में महिला बाल विकास अधिकारी शैल ठाकुर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय शर्मा द्वारा आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर महिलाओं के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत महिलाओं द्वारा अपने कार्यक्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक एवं सुपरवाईजर उपस्थित थे। महिला बाल विकास अधिकारी शैल ठाकुर ने सभी महिलाओं को 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी।महिला बाल विकास अधिकारी शैल ठाकुर ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक तथा अन्य लोगों के कार्यो की सराहना की। महिलाओं का यह योगदान उनकी महिला सशक्तिकरण को दर्शाता है। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के योगदान और संघर्षो के लिए उपस्थित महिलाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महिलाओं ने महतारी वंदन योजना के तहत अपने-अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से उन्होंने ऑनलाईन फार्म जमा कर एंट्री किया और आधार सीलिंग का कार्य किया।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया बेलचंदन भी उपस्थित थी। उन्होंने विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला अधिकारी व अन्य महिला कर्मी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# करगाडीह स्कूल में न्योता भोजन का आयोजन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन।** बच्चों में शिक्षा के साथ पोषण की संकल्पना के साथ सरकार द्वारा शुरू किए गए न्योता भोजन के प्रति लोगों की रुचि देखने को मिल रहा है। लोग खुशी के विशेष पल को बच्चों के बीच साझा करने के क्रम में न्योता भोजन के लिए आगे आने लगे हैं। करगाडीह शिक्षक आनंद श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिन पर शासकीय स्कूल करगाडीह में सामाजिक सहभागिता के माध्यम से अपने किसी भी शुभ कार्य को शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के साथ मिलकर जन्मदिन मनाए। बच्चों के लिए खीर की व्यवस्था किया जिसे बच्चों को अतिरिक्त पोषण व माहौल मिल सके। बच्चो ने भोजन करने के पहले गायत्री मंत्र पढ़ कर भोजन लिया।

उक्त कार्यक्रम में स्कूल शिक्षक प्रधान पाठक श्रीमती रूपा साहू,श्रीमती रेणुका देशलहरे शिक्षक, योगेंद्र कुमार बसोना शिक्षक (एल.बी), रोशनी गायकवाड (व्यवस्था पंचायत) एवम स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए दिव्यांगता आंकलन शिविर का आयोजन

**दुर्ग, 8 मार्च।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में निवासरत दिव्यांगजनों के सामाजिक प्रचालन एवं उनको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों की दिव्यांगता का आंकलन किया जा रहा है। जिसके लिए 11 मार्च 2024 से 25 अप्रैल 2024 तक जिले के विभिन्न स्थानों पर सुबह 10 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे।प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 मार्च को स्वामी विवेकानंद सभागार पदमनाभपुर दुर्ग में, 14 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में, 20 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में, 21 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसाली भिलाई में, 27 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा में, 28 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा में, 3 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में, 4 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरी धमधा में, 10 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसाली में, 18 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में, 24 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी में एवं 25 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट पाटन में शिविर आयोजित किया जाएगा।

एक नजर

## महाशिवरात्रि पर्व पर नगरवासियों को महापौर ने दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव 8 मार्च।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर वासियों को शुभकामनाएं देते हुऐ कहा की यह विशेष दिन भगवान शंकर की अराधना का दिन है और यह माना जाता है कि इसी पावन दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। उन्होंने कहा कि वैसे तो प्रत्येक माह में एक शिवरात्रि का दिन होता है, परंतु फाल्गुन माह की कृष्ण त्रयोदशी को आने वाली इस शिवरात्रि का अत्यंत महत्व है, इसलिए इसे महाशिवरात्रि कहा जाता है। वास्तव में महाशिवरात्रि भगवान भोलेनाथ की अराधना का ही पर्व है, इस दिन धर्मप्रेमी लोग महादेव का विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नगर में महाशिवरात्रि के दिन शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है, जो शिव के दर्शन-पूजन कर खुद को सौभाग्यशाली मानते है। उन्होंने महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर हर व्यक्ति खुशहाल रहें, शिव प्रार्थना के साथ शिव की आराधना करते हुए सबके मंगलमय जीवन की कामना की है।

## महापौर ने दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई

**राजनांदगांव 8 मार्च।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर की समस्त महिलाओं को महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि नारी अब अबला न होकर सबला हो गई है। नारी अपने खुद के अस्तित्व को पहचानते हुये चॉद तारे व मंगल ग्रह को छु रही है। नारी प्रेम ममता व स्नेहिलता से सब को अपना बना लेती है। इससे यह संसार सुदर लगने लगा है। उन्होने कहा कि इस धरती को स्वर्ग से सुंदर बनाने का जिम्मा हम महिलाओं का है। आज का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हम सबकी शक्ति में इजाफा करने वाला, सम्बल प्रदान करने वाला और सम्मान देने वाला है। जिसे हम समस्त महिलाओं ने अपने हक हुनर और नारीत्व गरिमा के बल पर हासिल किया है। जो हम सबके लिये खुशिया लेकर आया है। पुनः मैं समस्त महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाईया एवं कोटिशः शुभकामनाएं देती हूॅं।

## लखोली में दो दिवसीय देवी जस गीत 9 मार्च तक

**राजनांदगांव 8 मार्च ।** लखोली वार्ड क्रमांक 33 व 35 में आगामी 8 मार्च और 9 मार्च को दो दिवसीय विराट छत्तीसगढ़ स्तरीय देवी जस गीत प्रतियोगिता आयोजित है। नव दुर्गा मंदिर समिति, मौनी पूरम जस जगराता परिवार एवं कुआ चौक लखोली के समस्त वार्डवासियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस स्पर्धा में पुरूष वर्ग, महिला वर्ग, झांकी वर्ग, के लिए 4001 रूपये से लेकर 501 रूपये तक की पुरुस्कार राशि एवं साथ ही साथ 5 फिट की रनिंग शील्ड वार्डवासियों के सहयोग व आयोजक समिति द्वारा व्यक्तिगत आकर्षक पुरूस्कार भी प्रदान किया जावेगा। इस अवसर पर आप सभी प्रतिभागी मंडली सादर आमंत्रित है। उक्त जानकारी सामिति अध्यक्ष राजा साहू व भुनेश्वर यादव ने दी ।

## दीपक शर्मा ने वाणिज्य संकाय में शोध प्रबंध प्रस्तुत किया

**रायपुर 8 मार्च।** पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के वित्त विभाग में कार्यरत



उच्च श्रेणी लिपिक श्री दीपक शर्मा जी ने वाणिज्य संकाय में अपना शोध प्रबंध प्रस्तुत किया जिसके शोध प्रबंध का विषय है ई- बैंकिंग का छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों के ग्राहकों की संतुष्टि पर प्रभाव का अध्ययन (एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक के संदर्भ में ) उक्त उल्लेखित विषय में विगत दिनों पीएचडी की उपाधि दीपक शर्मा को प्रदान की गई है। दीपक शर्मा ने अपना शोध कार्य शासकीय महाविद्यालय बिरगांव के सहायक प्राध्यापक डॉ ज्ञानेंद्र शुक्ला के निर्देशन में पूर्ण किया। रवि शुक्ल वि वि कर्मचारी संघ के वर्तमान अध्यक्ष सुनील नामदेव एवम और वर्तमान सचिव संदीप कुमार पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्र ने सभी कार्यरत कर्मचारियों की ओर बधाई देते हुए डा दीपक शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए ।

## कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई


**रायपुर 8 मार्च।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने अमृत मिशन, सीएसपीडीसीएल, नगर निगम व अन्य विभागों के समन्वय से हो रहे कार्यों का विस्तार से जायजा लिया एवं कहा है कि सतत समन्वय से सभी कार्यों को इस तरह निष्पादित किया जाए कि सभी प्रोजेक्ट समय पर पूरे हो एवं नागरिकों को भी किसी तरह से असुविधा न हो। बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री बी.आर. अग्रवाल, सीएसपीडीसीएल के कार्यपालन अभियंता श्री वी.के. तिवारी, श्री ए.के. न्यूडिंग, श्री आर.के. चंद्राकर, अमृत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी श्री योगेश कडू, स्मार्ट सिटी के उप-महाप्रबंधक (वित्त) श्री अमित शर्मा भी शामिल थे। एम.डी. श्री मिश्रा ने सभी कार्य एजेंसियों से कहा है कि तय समय सीमा में सभी कार्य पूरे कर लिए जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि नियमित तौर पर कार्य की प्रगति की अद्यतन जानकारी लेते रहें। उन्होंने यह भी कहा है कि अब निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण न कर पाने वाले या अनावश्यक विलंब के लिए जिम्मेदार एजेंसियों पर अर्थदंड भी आरोपित किया जाएगा। श्री मिश्रा ने अंडरग्राउंड केबलिंग व 24ङ्ग7 परियोजना हेतु सीएसपीडीसीएल से समन्वय कर आ रही बाधाओं एवं रुकावटों का त्वरित निपटान करें, जिससे कार्य में अपेक्षित तेजी बनी रहें। उन्होंने बूढ़ातालाब पेरिफेरल रोड, अंडर ग्राउंड केबलिंग, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, जोनल रोड प्लान, महाराजबंध व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी सहित सभी प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया है।

# अद्भुत सिद्ध शिवलिंग का दर्शन करने श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 मार्च।** राजनांदगांव शहर से लगभग दस किलोमीटर पर ग्राम गठुला, भेडी के निकट ग्राम भांठागांव में विशेष चत्मकारिक सिद्ध शिवलिंग का दर्शन करने छत्तीसगढ सहित पडोसी राज्यों मध्यप्रदेश, उडीसा, महाराष्ट्र, तेलगांना से भक्तों की भीड उमड रही है। भगवान भोलेनाथ स्वयं इस गांव के एक खेत में जमीन फोड़ कर शिवलिंग के रुप में प्रकट हुए हैं। जबसे इसकी प्रसिद्धि राज्यों मे पहुंच रही है। तबसे लोगो की भारी भीड उमड रही है।

ग्राम भाठागांव के सबसे अंतिम छोर पर बसे इस छोटे से मंदिर में सावन माह में प्रति सोमवार यहाँ मेले जैसे वातावरण बना रहता है। आज भी रोजाना भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने सैकड़ों



की संख्या में यहां श्रद्धालूजन पहुंचकर श्रद्धाभक्ति की बयार मे लीन हो रहे है। यहां आने वाले लोग भगवान शिव-शंकर का पंचाक्षरी मंत्र का जाप कर चमत्कारिक शिवलिंग को रोज पूजा- उपासना करते हैं। गांव वालो के अनुसार शिवलिंग का आकार एवं रंग भी बदलते जा रहा है। पहले प्रकटावस्था में सावन माह में रोज हो रही पूजा-उपासना में शिवलिंग प्रकट स्थल में रंग भूरा था। सावन लगते ही इसका रंग काला एवं चमकदार हो गया। इसकी मोटाई एवं ऊँचाई भी बढ़ती जा रही है। इस चमत्कारिक शिवलिंग से संबंधित कहानियाँ किस्से लोगों के मुंह से सुने जा सकते हैं। हिमालय व काशी के संतो ने बालक विजेन्द की भक्ति और ज्ञान को समझकर व भगवान महाकाल के प्रति असीम भक्ति देखकर उनका नामकरण गुरु प्रभुदेव परमहंस रखा है।इसकी जानकारी देते हुए भाटागांव , सोमनी ,बघेरा नवागांव के गांव वाले बताते है कि जिस आदिदेव महाकाल भगवान को पाने भाटागांव का एक युवक बाल्यावस्था में मथुरा, काशी, बनारस, पुरी, द्वारिका, हरिद्वार, अयोध्या आदि धर्म स्थानों में भटक रहा था । स्वामी अच्युतानंद प्रसाद व स्वामी परमानंद, स्वामी कालीनाथ आदि संत महात्माओं की संगत कर रहा था । उसे भगवान भोलेनाथ ने जाग्रत अवस्था में दर्शन देकर बता दिया कि मैं तो तेरे खेत में पड़ा हूं। बाबा गोसाई के खेत में दबा पड़ा हूं, उसे तू जल सिंचन कर निकाल... मैं साक्षात शिविलिंग में प्रकट हो जाउंगा। ग्राम भाठागांव में ऐसा हुआ और सैकड़ों ग्रामवासियों के साथ वीतरागी युवक विजेन्द्र द्वारा अपने दादा गोसाई बाबा के खेत में पूजा- पाठ जल सिंचन करने के बाद भगवान भोलेनाथ चमत्कार रूप से शिवलिंग में प्रकट हो गये, जिसे देखने लोगों को भारी भीड़ पड़ी। गठुला, बोरी, राजनांदगांव के उनके भक्त बताते है कि स्वामी प्रभुदेव परमहंस बाल्यावस्था में भागवत प्रवचन एवं संतों की संगत की ओर ज्यादा लगन रहकर वह बगैर जूता चप्पल के खाली पैर रहते थे। वैराग्य वृत्ति के दिन में भागवताचार्य संत इन्द्रदेव व पुडरिक महाराज के सम्पर्क के बाद हरिद्वार, द्वारिका आदि स्थान में चले गये। वहाँ संत महात्माओं के सानिध्य में रहकर सत्संग का आनंद उठाया। यह उनकी जिज्ञासा थी कि भक्त प्रहलाद, भक्त ध्रुव ने आदि भगवान का ध्यान कर ईश्वर की प्राप्ति की तो मैं क्यों नहीं कर सकता। बालक विजेन्द्र ने भागवतकथाचार्य भक्तमाल जी से शीघ्र ही भगवान प्राप्ति का मार्ग पूछा तो उसने जल्द प्रसन्न हो जाने वाले भगवान शिव की आराधना करने को कहा।

# सीसीटीवी कैमरे से लैस होगा राजनांदगांव शहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने शहर की सुरक्षा के दृष्टीकोण से जनप्रतिनिधि, चेम्बर ऑफ कामर्स, समाज प्रमुख, संगठन, व्यापारी संघ, समाज सेवी, गणमान्य नागरिकों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसहभागिता के सहयोग से शहर को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा रहा है ताकि राजनांदगांव शहर में अपराधियों पर नकेल कसा जा सके। क्राइम करने वाले लोगों में अपराध करने से पहले डर हो कि उनकी सारी गतिविधियां कैमरे में रिकॉर्ड किया जा सके। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना पर काबू पाने के लिए यह सीसीटीवी कैमरे कारगर साबित होगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शहर की सुरक्षा के लिए जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की बात कहीं। इसके लिए शहर के व्यापारी वर्ग, समाजसेवी, चेम्बर ऑफ कामर्स, समाज प्रमुख सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि शहर में अपने लोग रहते हैं उनको सुरक्षित रखना हमारी जवाबदारी होती है। इसके लिए शहर के



प्रत्येक चौक-चौराहो, शहर में आने-जाने वाले रास्तों पर, शहर के मेन मार्केट एरिया, कॉलोनियों, गली-मोहल्लों सहित अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। जो किसी घटना के लिए प्रमाण के रूप में कार्य करेगा। जिससे शहर में चौरी, अपराध, दुर्घटना सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखा जाएगा और उसका शीघ्र निराकरण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा लगने से अपराध एवं चौरी करने की भावना में कमी लाया जा सकता है। उन्होंने चिन्हांकित स्थानों के नाम भी बैठक में रखी। उन्होंने शहरवासियों से कहा कि सीसीटीवी कैमरा उनकी सुरक्षा करने के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में 300 से अधिक कैमरे लगाए जाएंगे। इससे पूरे शहर की 24 घंटे मॉनिटरिंग होती रहेगी। सीसीटीवी की मदद से खासतौर पर अपराध नियंत्रण में बहुत मदद मिलेगी। अपराधी और शरारती तत्वों पर भी इन कैमरों से नजर रखी जाएगी। उन्होंने शहर के सभी बैंक के अधिकारियों को भी सहयोग करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने बताया कि शहर में अभी वर्तमान में 152 सीसीटीवी कैमरे लगे है। जिससे अपराधिक गतिविधियों को जांच करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि ज्यादा संख्या में शहर में सीसीटीवी कैमरे लगने से अपराधिक गतिविधियों को रोका जा सकता है और इसका शीघ्र निराकरण करने में मदद मिलेगी। बैठक में शहर के समाज प्रमुख, संगठन, चेम्बर ऑफ कामर्स, व्यापारी संघ, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहमति दी और सभी ने आर्थिक रूप से सहभागिता देने की बात कही। बैठक में गणमान्यजनों ने अपने-अपने सुझाव भी रखे। शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए एबीस ग्रुप द्वारा 11 लाख रूपए की सहयोग राशि देने की बात कही गई। इसी तरह श्री विनोद बोहरा ने 5 लाख रूपए, श्री सुनील अग्रवाल ने 5 लाख रूपए, ट्रांसपोर्ट एसोसिएट द्वारा 5 लाख रूपए, श्री प्रतीक खण्डेलवाल द्वारा 5 लाख रूपए, श्री सुनील मुंदड़ा ने 5 लाख रूपए, श्री राजेश जैन ने 3 लाख रूपए, श्री गुरूदेव राईस मिल द्वारा 2 लाख रूपए की सहयोग राशि देने की बात कही गई।

## कावा के सम्मान समारोह में पचास से ज्यादा कलाकारों का सम्मान

**रायपुर 8 मार्च।** छत्तीसगढ़ ऑल आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन (कावा) का सम्मेलन महाराष्ट्र मंडल रायपुर में उत्साह और उमंग के साथ संपन्न संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ की नई पालनहारी विष्णु देव सरकार से कलाकारों को बड़ी उम्मीदें हैं ,इन्हीं आशाओं के साथ पांच सूत्री मांग जिसमें सबसे पहले नई फिल्म नीति का निर्माण ,कलाकारों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन ,फिल्म सिटी फिल्म स्टूडियो का निर्माण, फ़िल्म अकादमी की स्थापना सहित पांच सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम का पठन किया गया और यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्म भूख मया के जिसका प्रदर्शन 15 मार्च से सभी थिएटर में होने वाला है के निर्माता अनिल पांडे, गगन पांडे ,निर्देशक शरीफ हसन रिजवी कलाकार उपासना वैष्णव सहित कई लोग शामिल हुए व फिल्म का प्रमोशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले थे वहीं अध्यक्षता डॉ अजय सहाय चेयरमैन कावा ने की। विशेष अतिथि के रूप में साहित्यकार व बलिदानी राजा गुरु बालक दास के निर्माता डॉ जे आर सोनी ,अभिनेता ओम त्रिपाठी एम डी फिल्म के दिनेश साहू ,हरिओम फिल्म के डॉक्टर पुनीत सोनकर ,कावा के उपाध्यक्ष विकेश ऊके व अध्यक्ष तपेश जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में 50 से भी ज्यादा कलाकारों का सम्मान छत्तीसगढ़ी फिल्म भूख मया के स्मृति चिन्ह से किया गया। समारोह में आशीष जैन,नेहा पटेल, अनुराधा यदु ठेठवार, भूमि साहू, खुशी जैन ,सायरा खान ,जानकी गुप्ता ,सुनीता पाठक, सिंगर अलका मिश्रा बाल गायिका महिमा सिंह , बाल फोटोग्राफर तन्मय जैन ,मनोज राजपूत ,चंद्र प्रकाश सोनी, विक्की सिंह टार्जन, संतोष वर्मा ,सिंगर मीरा त्रिपाठी ,डॉ नीना शर्मा , शशि यादव, बाल कलाकार आराध्य पारख श्वेता जैन ,मनोज पारख,नरेंद्र ठाकुर अंटू आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।



## नेशनल लोक अदालत 9 मार्च को

**राजनांदगांव 8 मार्च।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश श्री आलोक कुमार ने बताया राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मार्च 2024 को राजनांदगांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सुनाये गये फैसलों की सामान्य अदालत में सुनाये गये फैसलों जितनी ही अहमियत होती है और लोक अदालत में सुनाये गये फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। जिला न्यायाधीश ने जिले के आम लोगों से लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकरों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय-खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय में कुल 44 खण्डपीठों का गठन किया गया है। इन खण्डपीठों द्वारा ही विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवाशीष ठाकुर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परकाम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगरपालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सहायता प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जायेंगे।

# पुलिस ने असामाजिक तत्व के विरुद्ध की कार्रवाई

- **थाना क्षेत्र के असामाजिक त्तव को किया गिरफ्तार**
- **क्षेत्र मे अपराधों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने घूमका पुलिस की कार्यवाही**
- **नरेश कुमार साहू पिता स्व गंगाराम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मोहंदी थाना घूमका गिरफ्त**

**राजनांदगांव 8 मार्च।** जिले मे अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा जिले मे लगातार कार्यवाही की जा रही है



उसी क्रम मे थाना घूमका पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा , अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घूमका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहंदी मे लड़ाई झगड़ा कर बेवजह विवाद करने वाले व्यक्ति नरेश कुमार साहू निवासी मोहंदी को आज दिनांक 07.03.24 को धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक को प्रतिबंधित करने हेतु पृथक से धारा 107,116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधित कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगाव के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किये

# निगम आयुक्त ने राजस्व करों का भुगतान करने की करदाताओं से की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 मार्च।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता प्रतिदिन प्रातः साफ सफाई एवं निर्माण कार्यो का वार्डो मे निरीक्षण कर निर्माण कार्य में गति लाने तथा सफाई व्यवस्था में सुधार लाने निर्देशित कर रहे है। निरीक्षण की कडी में उनके द्वारा आज वार्ड नं. 12 स्टेशन पारा वार्ड तथा वार्ड नं. 13 गौरी नगर में सफाई एवं निर्माण का जायजा लेकर करदाताओं से अपने लंबित राजस्व करों का भुगतान करने अपील किये।

आयुक्त श्री गुप्ता स्टेशन पारा गौरी नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिये, उन्होंने वार्डवासियों से रूबरू होकर साफ सफाई के बारे में जानकारी ली, तथा स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि किसी सफाई कर्मी के बदले कोई भी अन्य कार्य नहीं करेगे, कार्य करते



पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। निष्ठा से हाजरी लेना सुनिश्चि करे, अनुपस्थिति पर कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेगें, इस संबंध में निरीक्षण करने वार्ड प्रभारियों को निर्देशित करे।

आयुक्त श्री गुप्ता निरीक्षण के दौरान स्टेशन पारा क्षेत्र में करदाताओं से रूबरू हो अपने बकाया करों का भुगतान करने की अपील किये। उन्होने राजस्व अधिकारी श्री अग्रवाल से कहा कि करदाताओं को डिमाण्ड देकर रसीद देवे, एवं डिमण्ड के विरूद्ध वसूली करे। उनके द्वारा श्री अमृत भाई प्रभुदास पटेल के घर जाकर संपतिकर का डिमाण्ड दिया गया, जिसपर श्री पटेल ने 21 हजार 2 सौ 90 रूपये का चेक दिया। उन्होंने सभी करदाताओं से कहा कि वे अपने करों का भुगतान अपने वार्ड मोहर्रिर को करे या कार्यालयीन अवधि में निगम में आकर भी भुगतान कर सकते है।

स्टेशनपारा गौरी नगर में निर्माण कार्य देख आयुक्त श्री गुप्ता गौरी नगर के नाली निर्माण कार्य में तेजी लाने निर्देश दिये, उन्होंने स्टेशन पारा आम्बेडकर मंगल भवन निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से जानकरी लिये। श्री रामटेके ने जानकारी दी कि अधोसंरचना मद अंतर्गत 25 लाख रूपये की लागत से भवन निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि भवन निर्माण ड्राईंग डिजाईन के आधार पर हो कार्य की निरंतर मानिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करावे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू व श्री डाकेश्वर कर्ष, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

## महाशिवरात्रि महोत्सव आरंभ





**डोंगरगढ़ 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव (मेला) के प्रथम दिन गोंदिया के सुप्रसिद्ध गायक जोड़ी अरूण राकेश द्वारा जगराता एवं जबलपुर के कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य झांकी प्रस्तुत किया गया। प्रथम बार आयोजित इस तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर आम जनों में भारी उत्साह का वातावरण है। बड़ी संख्या में नगरवासी और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग कार्यक्रम देखने पंहुच रहे हैं। महोत्सव के लिए मंदिर ट्रस्ट समिति और प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंहुच कर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गयी है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा मंत्री महेंद्र परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य पूर्व अध्यक्ष पितांबर स्वामी ट्रस्टी प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता विशेष आमंत्रित सदस्य अजय ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को चुनौती देते हुये किये गये अवैध कब्जों को अंततः पंचायत ने ढहाया

**रायपुर 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । ग्रामीण सभा व पंचायत के लगातार मनुहार के बाद भी चुनौती देते हुये अवैध कब्जा करने वाले 2 बेजा कब्जाधारियों के अवैध कब्जों को हटाने प्रशासन द्वारा कोताही बरतने से ग्राम में व्याप्त हो रहे आक्रोश को देखते हुये अंततः बीते गुरूवार को टेकारी पंचायत ने ढहा दिया । बेजा कब्जाधारियों द्वारा इस अवसर पर कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न करने की संभावना व प्रशासनिक सहयोग न मिलने पर जिम्मेदारी प्रशासन की होने की चेतावनी के चलते हड़बड़ाये राजस्व व पुलिस अमला भी कार्यपालन दंडाधिकारी के साथ पूरे कार्यवाही के दौरान मौजूद रहे । एक बेजा कब्जाधारी के परिवार द्वारा व्यवधान खड़ा करने के प्रयास को देखते हुये पुलिस अमला ने बतौर ऐहतियात उन्हें बैठाये रखा । आम गली में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर दूकान तानने वाले एक बेजा कब्जाधारी को कार्यवाही के दौरान ग्राम में उसके परिजनों के सिवा किसी का भी समर्थन नहीं मिला पर कथित रूप से आरंग निवासी अपने आप को आर एस एस व मंत्रियों के नजदीकी होने ?का दावा ?करने वाले उसके एक भाजपाई रिश्तेदार अपने संपर्को के फोन खड़खड़ाते रहे और सरपंच सहित ग्राम प्रमुख मंत्रियों के यहां से आने वाले काल पर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत करा संतुष्ट करते रहे व? अंततः वे भी पंचायत के वैधानिक अधिकार में दखल देने से कोताही बरत ली । शासन द्वारा स्वीकृत सी सी रोड सह नाली निर्माण कार्य में अवैध कब्जा कर नाली निर्माण में बीते एक साल से रुकावट डाल रखे एक अन्य बेजा कब्जाधारी तो बुलावे के बाद भी स्थल पर नहीं पहुंचा जिसका बेजा कब्जा निर्विघ्न रूप से हटाया गया ।



## महाशिवरात्रि के अवसर पर कौही में लगा विशाल मेला

**भखारा 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । धमतरी जिले के सरहद से लगे पाटन विकासखंड के रानीतराई से तीन किलोमीटर दूर खारून नदी के तट पर स्थित ग्राम कौही का प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक और सामाजिक एकता का पर्याय बन चुका। यहां विराजमान स्वयंभू शिवलिंग की सबसे विशेषता इसका लगातार बढ़ता आकार है। वर्तमान में शिवलिंग की ऊंचाई लगभग छह फीट व परिधि पांच मीटर है। खुदाई के बाद से लेकर अब तक स्वयंभू शिवलिंग का दूसरा छोर नहीं मिला है। मंदिर स्थापना और शिवलिंग को लेकर जनश्रुति है कि क्षेत्र के जागीरदार विशाल प्रसाद तिवारी के पुत्र स्वामी मोहनानंद को खुदाई के समय यह शिवलिंग मिला था। खारून नदी के किनारे 15 एकड़ भू-भाग में फैले आनंद मठ के मुख्य मंदिर में विराजमान स्वयंभू शिवलिंग खुदाई करते हुए खंडित हो गई। तब स्वामी मोहनानंद को स्वप्न में महादेव से साक्षात्कार हुआ। स्वयंभू शिवलिंग के साथ मंदिर निर्माण का आदेश प्राप्त हुआ। जिसके बाद स्वामी जी ने जन सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया। मंदिर निर्माण के पूर्व लगभग 20 से 25 फीट खुदाई की गई लेकिन शिवलिंग का अंतिम छोर नहीं मिला।आंनद मठ मंदिर के अध्यक्ष कौशल तिवारी,रमन टिकरिहा, शिव पांडे,राजेश तिवारी,नारायण साहू,जेठू साहू ने बताया कि हमारे पूर्वजों के अनुसार ग्राम कौही के ही जागीरदार विशाल प्रसाद तिवारी के पुत्र स्वामी मोहनानंद तंत्रविद्या के साधक थे। मोहनानंद ने ही देवी काली की प्राण प्रतिष्ठा की थी। महाकाली के संबंध में जनश्रुति है कि 100 वर्ष पूर्व स्वामी जी की साधना से कोलकाता से चलकर सूक्ष्म रूप में मां काली यहां पहुंचीं। सूक्ष्मरूप में जलमार्ग से होते हुए खारून के तट पर विराजमान हो गई।तब से लेकर आज तक मां काली और महादेव की साथ-साथ पूजा होती है। राजेश तिवारी,रमन टिकरिहा ने बताया कि इस गांव के नदी किनारे शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर तीन दिनों तक मेला लगता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर लोग अपनी मनोकामना लेकर आते है और स्वम भू शिवलिंग का दर्शन कर मनोकामना पूर्ण के लिए आशीर्वाद लेते है।



संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा

जब कोई कानून बनाया जाता है तो उसका मकसद निश्चित रूप से सकारात्मक होता है। यानी यह उम्मीद की जाती है कि इसका सदुपयोग होगा तथा इससे लाभ होगा लेकिन समय बदलता है तो पता चलता है कि उस कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है और लोग अपराध करके बच रहे हैं। जब कानून बनाया गया था तो किसी को कल्पनी नहीं थी भविष्य में इस कानून का दुरुपयोग किया जा सकता है। समय के साथ आदमी चालाक होता जाता है, वह कानून का दुरुपयोग करना भी सीख जाता है। वह सोचता है कि यह विशेषाधिकार मिला हुआ है तो क्यों न उसका दुरुपयोग किया जाए। विशेषाधिकारी दुरुपयोग करने के लिए नहीं मिला करता है, वह तो सुविधा व सदुपयोग करने के लिए मिला होता है। देश के सांसदों को संसद में किसी भी वोट देने का विशेषाधिकार दिया गया था। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत मिला हुआ था।झारखंड की विधायक सीता सोरने पर साल 2012 में आरोप लगाया गया कि राज्यसभा चुनाव में अपने वोट के बदले उन्होंने रिश्वत ली है। इस मामले में सीता सोरने ने तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने व किसी को भी वोट देने का विशेषाधिकार है।इस मामले में उन पर कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। इस आधार पर सीता सोरेन ने उनके खिलाफ चलाए जा रहे मामले को रद्द करने की मांग की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के घूसकांड पर 1998 में दिए गए पांच जजों के संविधान पीठ के एक फैसले को सात जजों की पीठ द्वारा समीक्षा करने का फैसला किया था। अब सात जजों की पीठ ने वोट के बदले नोट मामले में फैसला दिया है कि अगर सांसद व विधायक वोट के बदले नोट लेते हैं तो उन पर आपराधिक मुकदमा चलेगा। पहले सांसदों व विधायकों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता था। इसलिए वोट के बदले नोट लेकर भी सांसद व विधायक बच जाया करते थे। कोर्ट ने इस मामले में कहा है कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत सांसदों व विधायकों को किसी को वोट देने का अधिकार तो ठीक है, वह किसी को भी वोट दे सकते हैं लेकिन उन्हें रिश्वत लेने का अधिकार थोड़ी न मिल जात है। यदि रिश्वत लेने का आरोप लगता है तो सांसदों व विधायक पर आपराधिक मुकदमा चल सकता है।सुप्रीम कोर्ट को दो टूक कहना है कि संसदीय विशेषाधिकार का मतलब रिश्वतखोरी तो नहीं है। कई बार वक्त के साथ कानून बदलने पड़ते हैं। कानून की समीक्षा भी की जाती है। नए कानून बनाए जाते हैं। ऐसा करना जरूरी भी होता है ताकि संसदीय लोकतंत्र में आ रही बुराइयों को समाप्त किया जा सके। हाल ही में टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा पर भी अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर संसद में पैसे लेकर प्रश्न पूछने का मामला सामने आया था, इस मामले में संसद से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी क्योंकि यह साबित हुआ था कि उन्होंने संसद में प्रश्न पूछने के बदले में उपहार लिए थे, उनकी यात्रा का खर्च उठाया गया था। तब देश में इस मामले में बडी बहस हुई थी कि यह कोई गलत बात नहीं है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में जो फैसला सुनाया है। उस आधार पर तो यह कहा जा सकता है कि जिस तरह किसी को वोट देने के बदले में नोट लेना रिश्वत लेना है, उसी तरह संसद में नोट,उपहार,यात्रा खर्च के बदले सवाल पूछना भी तो गलत है, यह भी एक तरह से रिश्वत लेकर सवाल पूछना है। पहले इस विशेषाधिकार माना जाता है, अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बाद यह विशेषाधिकार नहीं रह गया है यदि किसी सांसद या विधायक पर यह आरोप लगता है कि उसने पैसे लेकर सवाल पूछे हैं या वोट दिये हैं तो उस पर अब आपराधिक मुकदमा चल सकेगा। यह संसदीय लोकतंत्र के लिए अच्छा फैसला है। इससे संसदीय लोकतंत्र में जो बुराई आ गई थी, वह अब दूर होगी। सांसद व विधायक अब पैसे लेकर वोट देने तथा सवाल पूछने से डरेंगे। किसी भी व्यवस्था में वक्त के साथ बुराई भी आ जाती है उस बुराई को देखने, जानने व उसे दूर करने के प्रयास की जरूरत होती है। हमारे लोकतंत्र में यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है, इसलिए हमारा लोकतंत्र निरंतर अपनी बुराइयों को कम करने का प्रयास करता रहता है। अच्छी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सभी ने स्वागत किया है। लोकतंत्र में ऐसा ही होना चाहिए तब ही लोकतंत्र निरंतर पारदर्शी व मजबूत होता रहता है। किसी भी लोकतंत्र में बुराई समाज से ही आती है, इसलिए समाज को अपनी बुराई दूर करने का प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए।

महाशिवरात्रि

# शिव लोक कल्याणकारी हैं तो संकट विनाशक भी

ललित गर्ग



सम्पूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था तब भी शिव थे जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने वाले हैं। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुण मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है, जो शिवत्व का जन्म दिवस है। यह शिव से मिलन की रात्रि का सुअवसर है। इसी दिन निशीथ अर्धरात्रि में शिवलिंग का प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिये यह पुनीत पर्व सम्पूर्ण देश एवं दुनिया में उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है। इससे हमारी चेतना जाग्रत होती है, जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

शिव सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की। समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दुःख और द्र का अर्थ हरना- हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दुःख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले।



शिवरात्रि का पर्व भी दुःखों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक है। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं।

शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिवरात्रि की पूजा रात्रि के चारों प्रहर में करनी चाहिए। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद- इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और वाणी को विश्राम प्रदान करती है। शरीर, मन और आत्मा को ऐसी शान्ति प्रदान करती है जिससे शिव तत्व की प्राप्ति सम्भव हो पाती है। शिव और शक्ति का मिलन गतिशील ऊर्जा का अन्तर्जगत से एकात्म होना है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं। शिव की गोद में पहुंचकर हर व्यक्ति भय-ताप से मुक्त हो जाता है।भगवान शिव को रूद्र नाम से जाना जाता है रुद्र का अर्थ है रुत् दूर करने वाला अर्थात दुखों को हरने वाला अतः भगवान शिव का स्वरूप कल्याण कारक है। शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अतः यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निर्माता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। शिवरात्रि जागृति का पर्व है, जिसमें आत्मा का मंगलकारी शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वतः सत्य हैं। सभी शिवमय हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की। सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है। शिव ने संसार और संन्यास दोनों को जीया है। उन्होंने जीवन को नई और परिपूर्ण शैली दी। पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति की जीवन में आवश्यकता और उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। कला, साहित्य, शिल्प, मनोविज्ञान, विज्ञान, पराविज्ञान और शिक्षा के साथ साधना के मानक निश्चित किए। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता सिखलाई। वे भारतीय जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व सृष्टि के इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणास्रोत है। लेकिन हम इतने भोले हैं कि अपने शंकर को नहीं समझ पाए, उनको समझना, जानना एवं आत्मसात करना हमारे लिये स्वाभिमान और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला अनुभव सिद्ध हो सकता है। मानवीय जीवन के सभी आयाम शिव से ही पूर्णत्व को पाते हैं।

## महतारी वंदन योजना-महिलाओं को मिली खुशियों की गारंटी

रीनू मिश्रा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की महिलाओं को दी गई गारंटी को पूरा कर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई सरकार ने महिला सशक्तिकरण का एक नया रास्ता तैयार किया है। इससे महिलाओं में भारी उत्साह है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की पात्र विवाहित महिलाओं को 12 हजार रूपए वार्षिक भुगतान किये जाएंगे। इससे महिलाओं के खाते में हर माह डीबीडी के माध्यम से एक हजार रूपए आएंगे। इसका उपयोग वह अपनी जरूरत और इच्छा के अनुसार कर सकेंगी। इससे महिलाओं की छोटी-छोटी खुशियों को अब गारंटी मिल गई है। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में 3,000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इससे महिलाओं की न सिर्फ रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतें पूरी होंगी बल्कि उन्हें आर्थिक संबल भी मिलेगा। महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं के उत्साह का प्रमाण है कि 05 फरवरी को आवेदन करने के पहले ही दिन 1 लाख 81 हजार से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया। दिन-प्रतिदिन योजना की लोकप्रियता के साथ फार्म भरने का सिलसिला भी बढ़ता रहा। योजना के तहत 20 फरवरी को अंतिम तिथि तक लगभग 70 लाख महिलाओं ने आवेदन जमा कर दिया। आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद हितग्राहियों को दावा आपत्ति के लिए समय दिया गया। दावा आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम सूची जारी कर दी गई है। अंतिम सूची के आधार पर पात्र महिला के खाते में मार्च माह में प्रथम बार राशि का अंतरण किया जाएगा। इससे छत्तीसगढ़ की लगभग 70 लाख पात्र महिलाओं को लाभ होगा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का सुचारू क्रियान्वयन हो और बड़ी संख्या में आवेदन करने वाली महिलों को असुविधा न हो इसका ध्यान रखते हुए पुख्ता व्यवस्था की गई। राज्य स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग को योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल विभाग बनाया गया। जिला स्तर पर कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्रों में आयुक्त नगर निगम और मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी बनाए गए। आवेदन के लिए ऑनलाईन पोर्टल https://mahtarivandan.cgstate.gov.in/ तथा मोबाईल एप बनाया गया। पोर्टल में हितग्राहियों को आवेदन की स्थिति की जानकारी की सुविधा भी दी गई। साथ ही राज्य स्तर पर योजना से संबंधित समाधान के लिए टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 1800233448 भी जारी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा पात्रता संबंधी नियमों को बताने के लिए कर्मचारी नियुक्त किये गए। आंगनबाड़ी और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का भी आयोजन किया गया। घर-घर सर्वे कर फार्म भरवाए गए। इसके साथ ही प्रतिदिन राज्य स्तर पर योजना की समीक्षा और निगरानी की जा रही है। महिलाएं विशेषकर विवाहित महिलाएं घर-परिवार की देखभाल, प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिलाएं अपनी छोटी-मोटी बचत का उपयोग ज्यादातर परिवार और बच्चों के पोषण में खर्च करती हैं। लेकिन आर्थिक मामलों में उनकी सहभागिता अभी भी बहुत कम है। इसे देखते हुए राज्य सरकार महिलाओं की आर्थिक सहभागिता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। महिलाओं के स्वास्थ्य की बात की जाए तो 2020-21 में हुए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 के अनुसार 23.1 प्रतिशत महिलाएं मानक बॉडी मास इंडेक्स



से कम स्तर पर हैं। 15 से 49 वर्ष के आयु की महिलाओं में एनीमिया का स्तर 60.8 प्रतिशत और गर्भवती महिलाओं में यह 51.8 प्रतिशत है। ऐसे में महतारी वंदन योजना उनके लिए बड़ी राहत बनकर आई हैं। महिलाओं ने प्रतिमाह एक हजार रूपए मिलने से अपनी पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने की तैयारी भी कर ली है। धमतरी में रुद्री निवासी लोमेश्वरी ओझा कहती हैं कि मेरी छोटी-छोटी खुशियां इस राशि से पूरी होगी। मैं अपने बच्चों के लिए भी राशि खर्च कर सकूंगी। रायपुर की सविता साहू का कहना है कि कि तीज-त्यौहार में उन्हें, मायके से जो भेंट मिलती है, उसको वह मनचाहा खर्च करती हैं। ऐसे में मुझे मुख्यमंत्री श्री साय भी भाई की तरह लग रहे हैं, जो हर महीने तीज की राशि हजार रुपए देंगे। यह राशि महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के साथ परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका के सुदृढ़ीकरण में भी सहायक साबित होगी। महतारी वंदन योजना से मिली राशि से महिलाओं को परिवार के साथ खुद के स्वास्थ्य, पोषण और जीवन स्तर को उठाने का एक मजबूत आधार मिलेगा। महिलाओं की आर्थिक मजबूती से समाज में उनके प्रति भेदभाव में कमी और जागरूकता आएगी। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की आधी आबादी की आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

(महिला दिवस विशेष)

# समय की रेत पर छाप छोड़ती युवा लेखिका प्रियंका सौरभ

युवा महिला लेखिका जो हिंदी और अंग्रेजी के 10,000 से अधिक समाचार पत्रों के लिए दैनिक संपादकीय लिख रही हैं जो विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। प्रमाणित सबूत गूगल के रूप में प्रियंका सौरभ और आपको सब कुछ मिल जायेगा। दुनिया के सबसे बड़े शिक्षा मंच हठ्ठड्डष्ह्वस्र्रद्द4 और व्यक्तिगत यूट्यूब चैनल पर लड़कियों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करना। विशेष रूप से निराश्रित महिलाओं और बच्चों, विधवाओं, विकलांग महिलाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में महिलाओं और



बच्चों के समर्थन और पुनर्वास के बारे में अपने लेखन और सेमिनार के माध्यम से लड़कियों और महिलाओं को शिक्षित करना। प्रियंका ने अभी तक पांच किताबें लिखी हैं, दो कविताएं 'दीमक लगे गुलाब' और 'परियों से संवाद', एक महिलाओं के मुद्दों और दर्द के बारे में है जिसका शीर्षक 'निर्भयाएं' है और एक अंग्रेजी में वर्तमान युग में महिलाओं की प्रगति के बारे में 'फीयरलेस' है। पांचवी पुस्तक समय की रेत पर समसामयिक निबंध है।यह कहानी है हिसार के आर्यनगर गांव की बेटी 28 वर्षीय युवा लेखिका 'प्रियंका सौरभ' की, जो मौजूदा समय में महिला सशक्तिकरण की मिसाल हैं और अपनी कलम से नारी जगत के लिए आवाज उठा रही हैं। कविता के अलावा वे प्रतिदिन अपने संपादकीय लेखों से विभिन्न भाषाओं में लेखन कार्य कर रही हैं। उनकी कई पुस्तकें हाल ही में प्रकाशित हुई हैं। इनमें सामाजिक और राजनीतिक जीवन की कड़वी सच्चाई को व्यक्त करने वाले निबंध 'दीमक लगे गुलाब' और आधुनिक नारी की समस्याओं से रूबरू कराने वाली 'निर्भयाएं' शामिल हैं। इन दो किताबों के अलावा हर क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति पर आधारित अंग्रेजी में 'द फीयरलेस' किताब शामिल है। समय की रेत पर इनका नया निबंध संग्रह है।युवा लेखिका प्रियंका सौरभ' लगातार महिलाओं की समस्याओं पर लिखती रही हैं। प्रकाशित पुस्तकों में प्रियंका सौरभ ने आधुनिक नारी की वर्तमान समस्याओं को रखा है, जो वर्तमान में कहीं न कहीं उनके जीवन को प्रभावित कर रही हैं। प्रियंका सौरभ का जन्म आर्यनगर, हिसार, हरियाणा में हुआ। उनके पिता सुमेर सिंह उब्बा एक कानूनगो हैं और मां रोशनी देवी एक गृहिणी हैं। बचपन से ही उन्हें लिखने-पढ़ने का शौक रहा है। ये राजनीति विज्ञान में मास्टर और एमफिल हैं। वर्तमान में वे रिसर्च स्कॉलर हैं और हरियाणा सरकार में सीनियर असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आर्यनगर गांव से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर और एमफिल की शिक्षा प्राप्त की। बचपन से ही उनकी साहित्य में रुचि रही है। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने अपनी साहित्यिक रुचि नहीं छोड़ी। और अपना लेखन कार्य जारी रखा। कविता लेखन के साथ-साथ उन्हें संपादकीय लेखन का भी शौक है। प्रतिदिन उनके संपादकीय लेख देश भर के समाचार पत्रों में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। प्रियंका ने अपनी पुस्तकों के प्रकाशन को समय का सदुपयोग बताया। इस दौरान उन्हें अपना क्रिएटिव लेवल बढ़ाने का मौका मिला है। फ्लस्वरूप इनकी कई पुस्तकें साहित्य जगत में आई हैं। प्रियंका सौरभ ने पिछले 10 वर्षों से सामाजिक कार्यों और जागरूकता से संबंधित कई संस्थानों और संगठनों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है और 2021 में उन्हें 'आईपीएस मनुमुक्त' मानव 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। उनकी साहित्यिक और शैक्षणिक उपलब्धियों के परिणामस्वरूप, प्रियंका सौरभ को वर्ल्ड पीस फाउंडेशन द्वारा 'मानद डॉक्टरेट' से सम्मानित किया गया है। वर्ष 2022 में, उन्हें दिल्ली में 'नारी रत्न पुरस्कार' और रोहतक में 'हरियाणा की शक्तिशाली महिला पुरस्कार' से भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और गजेंद्र चौहान, भारतीय महाकाव्य महाभारत के युधिष्ठिर ने इनको सम्मानित किया।

महाशिवरात्रि

# शिवरात्रि और शिवशक्ति का आशीर्वाद

डॉ. रीना रवि मालपानी



महाशिवरात्रि पर हम शिवशक्ति की आराधना करते है। गृहस्थ जनों के लिए शिव परिवार एक आदर्श रूप है। शिवशक्ति के विवाह में शिव ने पार्वती की अनेकों रूप में परीक्षा ली, परन्तु माँ ने अपनी अटूट श्रृद्धा और निष्ठा शिव के प्रति न्यून न होने दी। माँ ने शिव के सच्चे स्वरुप को पहचान लिया और उनके प्रति समर्पित हो गई। गृहस्थ जीवन की श्रेष्ठता तो शिव-पार्वती की शक्ति को समझने में निहित है। शिव परिवार तो एक अनुकरणीय परिवार है, जो कार्तिक और गणेश जैसे पुत्रों से सुशोभित है। यदि आप शिव परिवार का सूक्ष्म विश्लेषण करेंगे तो देखेंगे कि शिव का वाहन नन्दी बैल, माता का वाहन सिंह, एकदन्त गजानन का वाहन मूषक और कार्तिकेय का वाहन मयूर, शिव के गले में सर्प विद्यमान है। सर्प, चूहा, मोर यह सब जातिगत दृष्टि से परम शत्रु की श्रेणी में आते है, वहीं सिंह और बैल भी उसी श्रेणी में आते है। पर शिव परिवार में तो बस सौहाद्र और प्रेम का भाव ही परिलक्षित होता है।

उमापति की एक अनूठी विशेषता यह भी है कि वह सभी को समान दृष्टि से देखते है। उनकी आराधना चाहे देव करें या दानव, भूत या गन्धर्व, भोलेनाथ सभी पर प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करते है। भगवान शिव का विवाह तो सभी युवा वर्ग के लिए शिक्षा का प्रेरक प्रसंग है। शिवशंकर अपने विवाह में सादगी और सच्चाई से गए। उन्होंने कोई झूठी



शान और आडम्बर प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने सभी को अपनी बारात में समान सम्मान दिया। देवता, भूत-प्रेत, यक्ष, गन्धर्व इत्यादि सभी को अपनी बारात में सम्मिलित किया। शिव सदैव सादगी प्रिय और उच्च विचार रखते है। महादेव की संज्ञा प्राप्त करने वाले शिव शम्भू कोई राजमुकुट धारण नहीं करते है। कोई कीमती वस्त्र एवं बहुमूल्य आभूषण उनकी शोभा नहीं बढ़ाते है। वे सर्प की माला और बाघम्भर धारण करते है, पर यह सारे नियम परिवार के लिए नहीं है। वे माता और पुत्रों को मूल्यवान वस्त्र एवं आभूषण धारण करवाते है। नीलकंठ होने के कारण स्वयं आक, धतूरा, बिल्वपत्र, जल एवं दूध स्वीकार करते है परन्तु पुत्र को मोदक खिलाते है। परिवार के मुखिया होने के कारण वे सबकी खुशियों का ध्यान रखते है एवं कभी-कभी शमशान में निवास कर गृहस्थ संत बनने का सन्देश भी देते है। शिव की जटाओं में गंगा और मस्तक पर चन्द्रमा विराजमान है और गले में विष है, जो यह समझाते है कि विष पीकर भी जीवन में शांत रहना चाहिए और अपना मानसिक संतुलन बनाए रखना चाहिए। शांतिपूर्वक हम किसी भी समस्या का समाधान सही तरीके से कर सकते है यह शिक्षा हमें शिव देते है। शिव की सरलता अपने भक्तों के लिए तो अनूठी है। उनके पूजन के लिए किसी प्रतिमा और मूर्ति की आवश्यकता नहीं है। यदि आपके पास कोई संसाधन नहीं है तो आप मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर उसका भी जल से अभिषेक कर सकते है और वह भी न कर पाए तो मात्र अंगूठे को ही लिंग स्वरुप मानकर शिव का ध्यान एवं पूजन अर्चन कर ले। शिव मानस पूजा में तो मन से की गई पूजा को भी शिव स्वीकार करते है। आशुतोष को अतिशीघ्र प्रसन्न किया जा सकता है और शिवरात्रि तो इसके लिए श्रेष्ठ दिन है। महाशिवरात्रि पर हम भी भक्ति की अविरल धारा को शिवशक्ति से प्राप्त कर अपने जीवन को नवीन दिशा प्रदान कर सकते है। तो आइयें हम इस शिवरात्रि शिवशक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन में नवीन आशा, उमंग, उत्साह एवं नवीन आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करें। शिवशक्ति की सत्ता तो जीवन की पूर्णता को दर्शाती है, साथ ही शिवशक्ति का अर्द्धनारीश्वर स्वरुप जीवन में पुरुष और स्त्री के समान महत्त्व को उजागर करता है। शिवशक्ति का अनुसरण कर जीवन में हम आनंद और ज्ञान की धारा भी प्रवाहित कर सकते है। कभी भी जीवन में शुष्कता न आने दे, अर्थात आनंद को समाप्त न होने दे, क्योंकि शिव तो सदैव आनंद स्वरुप में ही विद्यमान रहते है।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपको वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा हो सकती है। नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में वृद्धि हो सकती है। साथ ही उत्पादन कार्य भी बढ़ सकता है। अपने पार्टनर के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बना सकते हैं। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें किसी बड़ी जगह पर परफॉर्म करने का मौका मिल सकता है।

वृष राशि-आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले मे आप नये लोगो से मिलेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सीनियर नेता आपके कार्यो की तारीफ कर सकते हैं। आज आपके बच्चे आपको कोई गुड न्युज दे सकते है जिससे आप खुद को गर्व महसूस करेंगे।

मिथुन राशि-आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम में घर के बड़ों की सलाह लेना ही बेहतर होगा। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। आपको अपना ध्यान भटकने से बचाना चाहिए। आपकी जिंदगी में कुछ बदलाव आ सकते हैं। आपको बिजनेस में विरोधियों से बचकर रहना चाहिए। खुद को फिट रखने के लिए आपको योग जरूर करना चाहिए।

कर्क राशि-आज आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है। करियर के मामले में कुछ चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। बिजनेस में किसी नए ग्रुप से जुड़ने के बारे में विचार कर सकते हैं। हालांकि कोई भी डील करते समय आपको सोच-समझकर ही आगे बढ़ना चाहिए। सेहत के प्रति आपको अपना ख्याल रखना चाहिए। बाहर का फ़ास्ट फ़ूड खाने से आपको बचना चाहिए। व्यापारी वर्ग के लोग किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं।

सिंह राशि-छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा। आपका कोई रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है। माता-पिता के साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे। जॉब के मामले में कोई बड़ा ऑफर मिलने से आपको धन लाभ हो सकता है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

कन्या राशि-आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको सरकारी कामों में किसी बड़े व्यक्ति की मदद मिलेगी। आप परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने जायेंगे। परिवार में सबकी इच्छा पूरी करने में आप सफल रहेंगे। दोस्त आपसे किसी मामले में सलाह कर सकते हैं। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। थोड़ी मेहनत से आपको किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। बच्चों के प्रति आपका स्वभाव नरम बना रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आज आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरुरत है। मित्रों से मिलने आप उनके घर जा सकते हैं। आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी। हालांकि जीवनसाथी के साथ रिश्तों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है, उन्हें खुश करने के लिये कोई उपहार देना उचित रहेगा। आप किसी सामाजिक कार्य का हिस्सा बन सकते हैं।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी काम में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिल सकता है। अपने परिवार के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर आप लंबी यात्रा कर सकते हैं। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में आपकी तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। कुछ खास जगहों पर आपकी प्रशंसा हो सकती है। आप कोई छोटा उद्योग शुरु करने के बारे में विचार कर सकते हैं। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिये लाभकारी हो सकती हैं।

धनु राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। समाज में आपका सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। पड़ोस के कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। अपने लक्ष्य को पूरा करने में आपको किसी की मदद मिल सकती है। जो लोग मार्केटिंग की फील्ड से जुडे हैं, उन्हें आज अच्छे क्लाइंट मिलने की संभावना है।

मकर राशि-आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बिता सकता हैं।पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। शिक्षण के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नये अवसर मिल सकते हैं। काम-काजी महिलाओं का ऑफिस में दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि-आज जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ लोगों से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बेहतर रहेगा। किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको बहुत दिनों से तलाश थी। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके बिजनेस में आज तेजी से वृद्धि होगी।

मीन राशि-आज अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि लाने के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे आपका मन खुश हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल बना रहेगा। घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी हो सकती है। चींटियों को आटा डालें, आपके साथ सब बेहतर होगा।

## एक नजर

### सहायक ग्रेड-2 एसएम शर्मा तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सुकमा, 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री एस. हरिस द्वारा सहायक ग्रेड 02 कार्यालय जनपद पंचायत सुकमा वर्तमान में संलग्न जिला पंचायत सुकमा श्री एसएम शर्मा के विरुद्ध प्राप्त शिकायत के जांच कराने पर जांच प्रतिवेदन में प्रथम दृष्टया शिकायत सत्य पाये जाने के कारण संबंधित का कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के विपरित पाये जाने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील नियम)1999 के तहत श्री एसएम शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सम्बन्धित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। उक्त निलम्बित कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित कर डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता को जांचकर्ता अधिकारी तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### माइक्रो वाटरशेड सचिव के संविदा भर्ती के लिए पात्रता सूची जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 8 मार्च।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत कांकेर में माइक्रो वाटरशेड सचिव के 28 पदों की संविदा भर्ती हेतु आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी पश्चात् पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है, जिसे कांकेर जिले के वेबसाईट में अपलोड कर दिया गया है। उक्त सूची के संबंध में यदि किसी आवेदकों को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूसीडीसी सह उपसंचालक कृषि के नाम से कार्यालय उप संचालक कृषि कांकेर में कार्यालयीन समय में 15 मार्च तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा ।

### सोशल मीडिया में प्रसारित 'मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना' भ्रामक

उत्तर बस्तर कांकेर,8 मार्च। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि जिले में सोशल मीडिया और मोबाइल के माध्यम से ''मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना'' का भ्रामक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह असत्य एवं फर्जी है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा ''मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद योजना'' के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है। उन्होंने बताया कि एकीकृत बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोर न्याय अधिनियम की प्रावधान अनुसार देखरेख संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए योजना संचालित किया जाता है।

# युवा देशहित में समर्पण के साथ कार्य करें: राज्यपाल हरिचंदन

## राजभवन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. संचालनालय के कैडेट्स का 'एट होम' कार्यक्रम संपन्न

**रायपुर, 8 मार्च।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में आज यहां राजभवन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. संचालनालय के कैडेट्स का 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बटालियन के वे एन.सी.सी. कैडेट्स शामिल हुए, जिन्होंने नई दिल्ली में इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, ब्रिगेडियर श्री विक्रम सिंह चौहान वाई.एस.एम, विंग कमाण्डर श्री विवेक कुमार, कर्नल श्री प्रदीप सहित कैडेट्स के परिजन उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कैडेट्स को गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पूरे देश में 6 वां स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सैन्य अधिकारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से कैडेटों को प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया और उन्हें इस स्तर तक पहुंचाया।



श्री हरिचंदन ने एन.सी.सी. कैडेट्स का आव्हान किया कि वे देशहित के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें और देश पर हमेशा गर्व करें। उन्होंने कहा कि वंचित वर्गो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल, भारत विश्व में अपना महत्व साबित कर रहा है बल्कि देश के अंदर भी सभी क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 की संकल्पना के लिए युवाओं को बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है जिससे देश के सभी युवा उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी एक ऐसा माध्यम है जो युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण देकर उन्हें सैन्य गतिविधियों से अवगत कराता है और अनुशासन बनाए रखते हुए एकता की भावना विकसित करता है। एनसीसी संगठन द्वारा आयोजित शिविरों और कार्यक्रमों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से आए कैडेट न केवल एक-दूसरे की सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानते हैं बल्कि विदेशों में जाकर भारतीय संस्कृति का परिचय भी देते हैं, जो बेहद सराहनीय है। उन्होंने विशेष रूप से एन.सी.सी. गर्ल्स बटालियन की सराहना की और कहा कि इसी प्रकार लड़कियों को परिजन द्वारा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने एन.सी.सी. द्वारा विभिन्न साहसिक गतिविधियों, प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं में सहायता करने एवं सामाजिक कार्यों में भाग लिए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि कैडेट्स भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ नई उपलब्धियां हासिल करेंगे और देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।ब्रिगेडियर श्री विक्रम सिंह चौहान वाई.एस.एम ने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. संचालनालय की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बता कि राज्य में इसकी 16 यूनिट कार्यरत है जिसमे 2 यूनिट गर्ल्स कैडेट्स की है। राज्य में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 23000 से अधिक कैडेट्स जुड़े हुए हैं। जिसे बढ़ाने की कार्यवाही चल रही है। उन्होंने कहा कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत कैडेट्स दूसरे राज्यों में जाकर वहां की संस्कृति से परिचित होते हैं, जिससे राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

कार्यक्रम में कैडेट्स द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। राज्यपाल श्री हरिचंदन को मिराज 2000 का एरो मॉडल, भारतीय नौसेना का आईएनएस शिवालिक का मॉडल और एन.सी.सी. के ध्येय वाक्य को दर्शाता हुआ प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। राज्यपाल ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए कैडेट्स को पुरस्कृत किया।

# तोंगपाल क्षेत्र में गांजा ले जाते हुए एक युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 8 मार्च।** जिला सुकमा में आगामी लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 के मद्देनजर जिलें में लगातार श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री किरण चव्हाण, एवं अतिक्ति पुलिस अधीक्षक श्री निखिल अशोक कुमार रखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकश मरकाम के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोंगपाल श्री रजत नाग के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम हेतु अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में मुखबिर की सूचना पर दिनांक 06.03.2024 को निरीक्षक संतोष सिंह थाना प्रभारी तोंगपाल के नेतृत्व में नाका तोंगपाल के पास मोबाईल चेक पोस्ट की कार्यवाही किया गया जिसमे मार्ग में आने-जाने वालों वाहनों को चेकिंग की जा रही थी, कि इस दौरान ओडिशा राज्य की ओर से मोटर सायकल क्रमांक 30 डी 8793 में एक व्यक्ति सवार होकर प्लास्टिक सफेद बोरी लेकर जगदलपुर की ओर जा रहा था। जिसे रोककर विधिवत् तलाशी लेने पर बोरी के अंदर प्लास्टिक टेप से लिपटा हुआ कुल 06 पैकेट मादक पदार्थ (गांजा) वजनी 5.240 किलोग्राम कीमती लगभग 40,000/- (चालीस हजार रूपये) मादक पदार्थ (गांजा) को परिवहन करते हुये पाया गया। उक्त आरोपी समर हवलादर पिता खोकन उम्र 37 वर्ष निवासी एम व्ही. मलकानगिरी (ओडिशा) के विरूद्ध थाना तोंगपाल में अपराध क्रमांक 03/2024 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर आज दिनांक 07.03.2024 को माननीय विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक संतोष सिंह थाना प्रभारी तोंगपाल, सउनि. बृजलाल गावड़े, प्रआर. 989 राजेन्द्र मण्डावी प्रआर 217 मंगल मड़कम, प्रआर. 609 हरेन्द्र, 1025 धनीराम लहरे, 438 सुभाष कश्यप, 1139 बुधराम बघेल का विशेष योगदान रहा।



## समाचार संक्षेप

### घरों में कनेक्शन तो दिए पर पानी पहुंचा ही नहीं



**छिंदगढ़ 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । क्षेत्र के गांवों में बीते 5 दशकों से पानी की समस्या बनी हुई है। सालों से लोग नदी का पानी ही पीने और निस्तारी के लिए कर रहे हैं। गांव में अब तक जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन की योजना ही नहीं पहुंचाई जा सकी है। छिंदगढ़ के घरों में नलों का प्लेटफॉर्म तो बना दिया है लेकिन इनसे पानी ही लोगों को नहीं मिल रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने बर्तन साफ करने सहित अन्य उपयोग में इन प्लेटफॉर्म को ले रहे हैं। कुछ जगहों पर 20 से ज्यादा दिनों से पानी सप्लाई ठप है। गंजेनार से आने वाली पाइपलाइन यहां तक पानी पहुंचा पाने में नाकाम है। करोड़ों से छिंदगढ़ में पानी पहुंचाने शबरी नदी पर प्लांट बनाया है लेकिन पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। कुछ दिनों पहले पीएचई के इंजीनियरों ने भी समस्या को जल्द निराकृत करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक व्यवस्था को बहाल ही नहीं किया जा सका है।

### दलहन उत्पादन की उन्नत तकनीक एवं सुरक्षित भंडारण का दिया प्रशिक्षण



**सुकमा, 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा में आईआईपीआर - टीएसपी (एसटीसी) योजना के अंतर्गत दलहन उत्पादन की उन्नत तकनीकी एवं सुरक्षित भंडारण विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के साथ-साथ कृषक मित्रों को बीज़ के उचित भंडारण हेतु टीन से बने बिन का वितरण किया गया।कार्यक्रम डॉ एन. के. चौबे, प्रोफेसर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के मुख्य आथित्व एवं डॉ जी. पी. आयाम, सहायक प्राध्यापक कार्यालय निदेशक विस्तार सेवाएँ , इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय,रायपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिले के लगभग चालीस कृषकों के साथ साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एच. एस. तोमर, विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री आर. पी. कश्यप, डॉ. परमानंद तथा मनोज कुमार बघेल एवं ज्योतिष कुमार पोटला सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कृषकों को कृषि युग पंचांग वितरित किया गया।

### 9 मार्च को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**जगदलपुर 8 मार्च** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 09 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त लोक अदालत में आपसी राजीनामा और सुलह समझौते से प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में कुल 28 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिसके तहत पीठासीन अधिकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश बस्तर श्री मनीष कुमार ठाकुर के खंडपीठ सहित चेयरमैन स्थायी लोक अदालत जगदलपुर श्री जयदीप विजय निमोणकर, न्यायधीश परिवार न्यायालय जगदलपुर श्री राजीव कुमार, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर श्री डीआर देवांगन, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री संघरत्ना भतपहरी, प्रथम व्यवहार न्यायधीश वर्ग एक तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगदलपुर श्री रूपनारायण पठारे, द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वर्ग एक तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती अनिता ध्रुव, प्रथम व्यवहार न्यायधीश वर्ग दो तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जगदलपुर श्री अजय सिंह मीणा, द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वर्ग दो तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जगदलपुर श्री मनीष कुमार, तृतीय व्यवहार न्यायधीश वर्ग दो तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जगदलपुर श्रीमती दंतेश्वरी नेताम और चतुर्थ व्यवहार न्यायधीश वर्ग दो तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती मीनाक्षी नाग सहित कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बस्तर श्री विजय दयाराम के., अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी श्री सीपी बघेल तथा नगर दंडाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जगदलपुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बकावंड, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लोहंडीगुड़ा का खंडपीठ गठित किया गया है।



**सुकमा 8 मार्च। महुआ के फूल चुनने लगई आग पशुओं को नहीं मिल रहा चारा।**

# कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैंकों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर,8 मार्च।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आज कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजनाएं, प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना सहित शासकीय ऋण योजनाओं में प्रगति और शासकीय प्रायोजित योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने बैंकों में लंबित प्रकरणों को देखते हुए सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय प्रायोजित योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं। उन्होंने आरसेटी के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बहुत कम संख्या में स्वरोजगार शुरू करने की जानकारी देने पर जरूरतमंद लोगों को ही प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रशिक्षण न कराएं। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों का खाता खोलने एवं बैंक लिंकेज करने, आदिवासी स्वरोजगार, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना सहित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की भी कलेक्टर द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने बैंकों के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृत और अपेक्षित प्रगति भी नहीं होने पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को को निर्देशित किया कि सभी बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न योजनाओं के तहत प्रकरणों के प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करें।



इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, सहायक कलेक्टर श्री प्रखर चन्द्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 8 मार्च।** जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, श्री सुमीत कुमार राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोटा के मार्ग-दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री जितेन्द्र कुमार ओझा, कमाण्डेन्ट 208 वाहिनी कोबरा के निर्देशन तथा श्री प्रमोद चौधरी, द्वितीय कमान अधिकारी 208 वाहिनी कोबरा, श्री निखिल अशोक कुमार रखेचा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स सुकमा, श्री गौरव मण्डल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ शासन की ÷छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 02 नक्सली क्रमशः 01. मड़कम हुंगा पिता मड़कम हड़मा (बुर्कलंका आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष, ईनामी 01 लाख छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी पामलूर थाना किस्टाराम जिला सुकमा 02. माड़वी भीमा पिता माड़वी कोसा (बुर्कलंका आरपीसी अन्तर्गत ग्राम पामलूर मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी पामलूर पटेलपारा थाना किस्टाराम जिला सुकमा के द्वारा आज दिनांक 07.03.2024 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में श्री उत्तम प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाईटर्स एवं श्री हेमन्त प्लास, सहायक कमाण्डेन्ट 208 वाहिनी कोबरा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।



### हुनर के झोला कार्यक्रम के साथ न्योता भोज का आयोजन

**उत्तर बस्तर कांकेर,8 मार्च।** जिले के शासकीय प्राथमिक शाला माटवाड़ालाल पटेलपारा में हुनर के झोला का प्रदर्शन एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। हुनर के झोला नोडल एवं प्रधान अध्यापक श्रीमती पूर्णिमा गेड़ाम ने बताया कि हुनर का झोला का उद्देश्य गणित एवं विज्ञान विषय को बढ़ावा देने के लिए एवं बच्चों में वैज्ञानिक क्षमता का विकास करना है। कार्यक्रम में आस-पास के 10 स्कूलों में गणित एवं विज्ञान टीएलएम का निर्माण कर हुनर के झोला कार्यक्रम का भव्य प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर शाला में न्योता भोजन का भी आयोजन किया गया।

### बड़ेमुरमा में 10 मार्च को जिला स्तरीय पशु मेला का आयोजन

**जगदलपुर 8 मार्च।** पशुपालन विभाग के तत्वावधान में आगामी 10 मार्च को जगदलपुर विकासखण्ड के बड़ेमुरमा में विधायक जगदलपुर श्री किरण देव के मुख्य आतिथ्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप की अध्यक्षता और जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीराम कश्यप और श्री रैतुराम बघेल सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत, श्री धरमुराम मण्डावी सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती चम्पा कश्यप सभापति कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत जगदलपुर, श्री सुब्रतो विश्वास सदस्य जनपद पंचायत जगदलपुर तथा श्री मनधर कश्यप सरपंच ग्राम पंचायत बड़ेमुरमा की गरिमामयी उपस्थिति में जिला स्तरीय पशु मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया:रमेश सिन्हा

**रायपुर, 8 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर अधिवक्ता संघ, दुर्ग द्वारा न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा सम्मिलित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की आज हर क्षेत्र में भागीदारी है, चाहे वह न्यायपालिका हो, सामान्य प्रशासन विभाग हो, राजनीति में हो, चाहे वो अंतरिक्ष में हो, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। महिलाओं को उनकी त्याग भावना के कारण पुरूषों से अधिक महत्व दिया गया है। महिलाएं जो अपने परिवार को देखती हैं साथ ही कार्यक्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य भी करती है। यह बहुत ही सराहनीय है। महिला अधिवक्ताओं की भूमिका को अत्यंत ही चुनौतीपूर्ण बताते हुए उनके न्याय व्यवस्था के प्रति समर्पण की प्रशंसा किये।




मुख्य न्यायाधीश ने उपस्थितजनों, विशेष रूप से महिला अधिवक्ताओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के सामान्य प्रशासन, न्याय व्यवस्था व अधिवक्ताओं की बागडोर महिला अधिकारियों के हाथों में है। जिले की न्याय व्यवस्था की बागडोर श्रीमती नीता यादव, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग, प्रशासनिक व्यवस्था की जिम्मेदारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला कलेक्टर दुर्ग व अधिवक्ता संघ की बागडोर सुश्री नीता जैन, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ के हाथों में है। न्यायामूर्ति श्री सिन्हा ने कहा कि महिला दिवस ÷लैंगिक समानता÷ के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने दुर्ग जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते हुए महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी के विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिला न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं व अन्य न्यायिक कर्मचारियों को रविन्द्र नाथ टैगोर की पंक्तियों के माध्यम से संदेश दिया कि ÷महिला शक्ति इस ब्रम्हाण्ड की सबसे पुरानी शक्ति है। ब्रम्हाण्ड की रचना इसी नारी शक्ति से हुई है तथा पूरी पृथ्वी इस शक्ति से घिरी हुई है। महिला शक्ति द्वारा हर बाधा को दूर करते हुए एक ऐसे समाज की स्थापना की जाए जहां समानता हो तथा जहां महिलाएं अपने आप को सशक्त व सुरक्षित महसूस कर सकें।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के रजिस्ट्रार जनरल श्री सुधीर कुमार, संयुक्त रजिस्ट्रार सह प्रधान निजी सचिव श्री एम.व्ही.एल.एन. सुब्रमण्यम, सहायक रजिस्ट्रार श्री रवीन्द्र सिंह नेगी, तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग श्रीमती नीता यादव, दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला, जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय दुर्ग के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता संघ दुर्ग की ओर से अध्यक्ष सुश्री नीता जैन, पदाधिकारीगण तथा अधिवक्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग सुश्री नीता जैन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का समापन आभार उपाध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ श्री प्रशांत जोशी द्वारा दिया गया।

एक नजर

## ब्लाक स्तरीय महिला खेल आयोजित

**राजिम, 8 मार्च।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग गरियाबंद द्वारा प्रत्येक विकास खंड़ों में महिला सशक्तिकरण और 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन कर रहे हैं इसी तारतम्य में विकासखंड फिंगेश्वर में 5 मार्च को फणीश्वर नाथ कॉलेज मैदान में महिला खेल संपन्न हुआ. इस खेल में पांच खेलों का आयोजन किया गया. जिसमें 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक ,कबड्डी, रस्साकशी और खो खो खेल शामिल थे जिसे दो आयु समूह में बांटे गए थे 9 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक इस खेल में मिडिल स्कूल और पूर्व छात्र खिलाड़ियों ने भाग लिये इस खेल के विजेता प्रतिभागियो के नाम व खेल इस प्रकार है. 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में गायत्री निषाद प्रथम, तेजस्वी साहू द्वितीय लंबी कूद में गायत्री निषाद प्रथम मुस्कान द्वितीय, गोला फेंक में तनु प्रथम, मुस्कान द्वितीय रस्साकशी और कबड्डी में रवेली की टीम विजेता रहे रंजन ध्रुव,केसरी यादव, मुस्कान यादव, ललित साहू, वीपाशा ध्रुव, खो खो में जामगांव की टीम विजेता रही. पुष्पांजलि ,तनु ,दुर्गा यादव, गीतांजलि, हेमपुष्पा ,अक्षरा दीवान, मीनाक्षी सिन्हा ,नव्या ध्रुव द्रोमिक दीवान,हेमपुष्पा साहू रहे इसी प्रकार 18 से अधिक आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में माहेश्वरी ध्रुव प्रथम राधा ध्रुव द्वितीय गोल फेंक में रामेश्वरी प्रथम, चांदनी साहू द्वितीय,लंबी कूद में अनीता प्रथम ,राधा ध्रुव द्वितीय रहे रस्साकशी और कबड्डी में राजिम की टीम विजेता है जो इस प्रकार से हैं चांदनी साहू, मनीषा पटेल, गायत्री ध्रुव, साक्षी ठाकुर ,राधा ध्रुव, प्रीति जांगड़े ,चित्रलेखा साहू, चांदनी यादव ,खो खो में जामगांव की टीम विजेता रहे जो इस प्रकार से है लक्ष्मी साहू, उर्वशी ध्रुव, अनीता ध्रुव, कुसुम लता ध्रुव, यशवंतीन निषाद ,रामेश्वरी दीवान, माहेश्वरी ध्रुव, रेणुका साहू, जरीना ध्रुव ,लक्ष्मी ध्रुव मनीषा ध्रुव और पूजा दीवान रहे खेल को सफलतापूर्वक आयोजन करने में विकासखंड के व्यायाम शिक्षकों का सहयोग रहा जिसमें प्रमुख रूप से रूप नारायण निर्मलकर ,बुध लाल नेगी, चंद्रहास साहू, महेश्वरी मंडल,गंगा साहू, खान सर ताराचंद निषाद रहे ,कार्यक्रम का मार्गदर्शक नोडल अधिकारी हरिश्चंद्र निषाद रहे ।आगामी 9 मार्च को इस खेल का जिला स्तरीय आयोजन गरियाबंद में होगा.उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

## सहनशीलता के साथ दुनिया में परिवर्तन लाने की क्षमता महिलामें:एसडीएम



**पत्थलगांव।** महिलाओ को एक दिन का नही पूरे साल भर का सम्मान देने की जरूरत है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओ के सम्मान के लिए बडी-बडी बातें की जाती है,परंतु आज भी महिलायें घरेलू हिंसा का शिकार होकर उस सम्मान से काफी पीछे है,जिसका वो हक रखती है,यह बातें अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमति पूजा अग्रवाल ने कही। दिन गुरूवार को हरियाणा सेवा सदन मे महिलाओ का सम्मान के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था,जिसमे एस.डी.एम. आकांक्षा त्रिपाठी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संतोषी गुप्ता मौजुद थी। उनके अलावा अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पूजा अग्रवाल,सरंक्षक चंदा गर्ग,अर्चना गर्ग,कोषाध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल,मंजु गर्ग के अलावा मंडल की दर्जनो महिलायें उपस्थित हुयी थी। कार्यक्रम मे मौजुद एस.डी.एम आकांक्षा त्रिपाठी ने महिलाओ को अपने क्षेत्र मे निरंतर आगे बढते रहने की बात कही। उनका कहना था कि बेटियों को पढाकर समाज मे उन्हे उंचा स्थान देने के लिए सभी को प्रयास करने की जरूरत है। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओ के सम्मान के लिए सुनिश्चित किया गया है। उनका कहना था कि महिलायें यदि स्वयं का सम्मान करती है तो दुनिया भी उन्हे सम्मान की दृष्टि से देखती है,महिलायें जग की निर्माता कहलाती है,उनके अंदर सहन शीलता के साथ दुनिया मे परिवर्तन लाने की भी क्षमता होती है। डॉ संतोषी गुप्ता ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुये कहा कि आज के युग मे रिक्शा से शिक्षा चलाने तक मे महिलायें कही भी पीछे नही है। दो घरो को एक सूत्र मे बांधने का काम महिलायें करती है,इसलिए महिलायें एक दिन नही वरन साल के 365 दिन सम्मान पाने की हकदार है।।

# महाशिवरात्रि पर संगम में डुबकी लगाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम।** हल्की गुलाबी ठंड के बीच महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुक्रवार तड़के सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने राजिम के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाए और भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर अपने आप को धन्य किया। धर्म के प्रति आस्था का जूनुन गुरूवार की रात से ही देखने को मिल रहा था। आस्था और श्रद्धा के चलते भोलेनाथ महादेव जी के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले भक्त तड़के 2 बजे से ही राजिम संगम की धार में डुबकी लगाने पहुंच गए थे। महाशिवरात्रि पर इस पुण्य स्नान को काफी महत्व माना जाता है, इसलिए तड़के सुबह से लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुगण पुण्य स्नान कर दीपदान किया। पश्चात दर्शनार्थियों की लम्बी लाईन श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर और श्री राजीव लोचन मंदिर, बाबा गरीब नाथ की ओर लग गई। श्रद्धालुगण भगवान के दर्शन करने लाईन में डटे अपनी बारी की इंतजार करते रहे। यह सिलसिला तड़के तीन बजे से जारी रहा है। वैसे महाशिवरात्रि पर्व में स्नान के बाद दीपदान करने की परंपरा कई सौ वर्षों पहले से ही चली आ रही है। इस परंपरा और श्रद्धा का पालन आज भी श्रद्धालुगण करते देखा गया है। नदी की धार में दोने में रखा



दीपक की लौ किसी जुगनू की भांति चमकती नजर आई। कई महिलाओं ने रेत का शिवलिंग बना कर बहुत ही श्रद्धा के साथ बेल पत्ता, धतुरा के फूल चढ़ाकर आरती भी किया। मान्यता के अनुसार यहां कई भक्त नदी अपने मासूम बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया है। श्रीकुलेश्वर मंदिर क्षेत्र में जगह-जगह पंडितों का हुजूम भी लगा हुआ था, जहां भगवान श्री सत्यनारायण और शिवजी की कथा भी श्रद्धालुजन करा रहे थे।

### महाशिवरात्रि पर संगम स्नान का है खास महत्व

वैसे तो पर्व व त्योहार में स्नान का अपना अलग महत्व होता है, लेकिन महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में स्नान करने का खास कारण है। बताया जाता है महाशिवरात्रि में किसी भी प्रहर अगर भोले बाबा की प्रार्थना कि जाए, तो मॉ पार्वती और भोलेनाथ सीधे भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते है। भगवान शंकर के शरीर पर शमशान के भस्म गले में सर्पों की हार कंठ में विष जटाओं में पावन गंगा तथा माथे में प्रलयंकारी ज्वाला उनकी पहचान है। माना जाता है कि महानदी, सोंढूर, पैरी के संगम में स्नान करने से तन पवित्र तो होते है बल्कि मन की मलिनता दूर हो जाती है। इस दिन संगम की सूखी रेत पर सूखा लहरा लेने का भी परंपरा है। विश्वास है कि भोलेनाथ अन्य वेश धारण कर मेले का भ्रमण करते है।

# प्रधानपाठक धर्मदास भार्गव को दी गई भावभीनी विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 8 मार्च।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंवईबांधा के प्रधान पाठक धर्मदास भार्गव को अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर शाला परिसर मे आयोजन कर शाला विकास समिति व पंचायत पदाधिकारियों, ग्रामवसियो एवं शाला परिवार द्वारा भावभीनी बिदाई दी गई। धर्मदास भार्गव की प्रथम नियुक्ति सहायक शिक्षक के पद पर हुई थी, उन्होंने शिक्षा विभाग मे लगभग 40 वर्ष अपनी सेवाए दी। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ने अपने उदबोधन मे बच्चों को बताया कि उनका बचपन बहुत गरीबी मे बीता लेकिन संघर्ष करते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त कर शासकीय शिक्षक की नौकरी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर आप में कुछ कर गुजरने की जूनून हो तो गरीबी आड़े नही आ सकती एवं उनके द्वारा बच्चों के लिए 20 हजार के लागत से झूला बनवाकर लगाने की बात कही। ग्राम पंचायत एवं शाला विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा अपने उदबोधन मे धर्म दास भार्गव को अनुशासित शिक्षक, शाला के प्रति समर्पण भाव, सरल व्यवहार व उर्जावान शिक्षक के रूप मे हमेशा याद किए जाने की बात कही। शाला परिवार,पंचायत व शाला विकास समिति के पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक का साल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह,कलम सहित अन्य वस्तुए भेंटकर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा पुष्प वर्षा करके स्वागत व बिदाई दी गई। बिदाई समारोह मे बड़े-बुढ़े, बच्चे, महिलाओं सहित पूरा गांव उमड़ पड़ा था, सभी लोग बच्चों के साथ धर्म दास को गाजे-बाजे के साथ शाला परिसर से गांव के आखिरी छोर तक बिदाई करने पैदल ही छोड़ने गए। आए हुए अतिथिगण शिक्षक की ऐसी बिदाई देखकर अभिभूत हो गए व उनके द्वारा यह बात भी कही जा रही थी कि आज तक जीवन मे ऐसी बिदाई नही देखी ।बिदाई समारोह में सरपंच फूलेश्वर ध्रुव,उप सरपंच मुकेश साहू,शाला विकास समिति द्वय अध्यक्ष राकेश साहू व चन्द्रशेखर साहू, मालिक साहू, खेलन साहू,डुकेश साहू,फूलजी,रामसेवक, चंद्रिका,कपिल साहू, कृष्णा साहू, हेमलाल ध्रुव, भागवत कुर्रे ओमप्रकाश सोनकला,चेतन साहू अंजूलता गिलहरे, गंगा प्रसाद नागरची, शंकर साहू,ऋचा जांगड़े,रोशन साहू, लीला साहू,संजय ध्रवे, नरेंद्र बंजारे, गजाधर, मंजू साहू, संतोषी तारक,खोरबाहरिन,रेखा, निर्मला सहित ग्रामवासियों, संकुल से आए हुए शिक्षको द्वारा पुष्पाहार से स्वागत करते हुए बिदाई दी। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक के साथ धर्म पत्नि मालती भार्गव, पुत्र राजेन्द्र भार्गव (शाखा प्रबंधक, स्टेट वेयर हाऊस) एस.डी.भतपहरी,नंद खरे, जीवन दास सोनवानी,धनेश जांगड़े, राकेश बघेल, पुष्पा सोनवानी, प्रभा सोनवानी, बद्रिका जांगड़े, संगीता भारती, दिव्या भार्गव, हिना, पूजा सहित अन्य परिजनो का भी शाला विकास समिति द्वारा स्वागत करते हुए भेट प्रदान की गई।इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश सोनकला व शिक्षिका अंजूलता गिलहरे ने किया।

## सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास मे सहायक:भगत

**पत्थलगांव।** शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चो के सर्वांगीण विकास मे सहायक होती है। शिक्षा जितनी महत्वपूर्ण है,उतनी ही सांस्कृतिक गतिविधियों मे बच्चो की भागीदारी भी विद्या अध्ययन के लिए जरूरी मानी गयी है। शिक्षा संस्कार एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से परिपूर्ण विद्यार्थी कठिन से कठिन मुकाम भी आसानी से पार कर लेते है। यह बातें ब्लाक शिक्षा अधिकारी धनीराम भगत ने संकुल केन्द्र बटुराबहार मे आयोजित वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चो को संबोधित करते हुये कही थी। दिन गुरूवार को संकुल केन्द्र बटुराबहार मे वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था,जिसमे कक्षा पहली से लेकर बारहवी तक के स्कूली बच्चे बडी संख्या मे मौजुद थे। छोटे बच्चो ने नाच गानो के साथ छत्तीसगढ के लोकगीतो पर आकर्षक प्रस्तुति दी,जिसकी सभी अतिथीयों ने काफी प्रशंसा की। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथी सामाजिक कार्यकर्ता एवं विधायक प्रतिनिधि निरंजन साय मौजुद थे,कार्यक्रम की अध्यक्षता बटुराबहार के सरपंच जयसिंह पैंकरा कर रहे थे,वही विशिष्ट अतिथी के रूप मे बी.डी.सी बालेश्वर कुजूर,हरावती चौहान,नंदकुमार कौशिक के अलावा ब्लाक एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# राजिम कुंभ कल्प मेला का आज होगा समापन

**राजिम, 8 मार्च ।** 24 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला अपने अंतिम पड़ाव पर है। 8 मार्च महाशिवरात्रि के अवसर पर राजिम कुंभ कल्प का समापन होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री विश्वभूषण हरिचंदन शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम, वन एवं जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप, वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल होंगे।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में महासमुंद सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, कुरूद विधायक श्री अजय चन्द्राकर, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, अभनपुर विधायक श्री इंद्रकुमार साहू, सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, बिन्द्रानवागढ़ विधायक श्री जनक ध्रुव, पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक श्री संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, जिला पंचायत धमतरी की अध्यक्ष श्रीमती



कांति सोनवानी, जिला पंचायत गरियाबंद की अध्यक्ष श्रीमती स्मृति नीरज ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्री चंद्रशेखर साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जगन्नाथ साहू, जनपद पंचायत अभनपुर की अध्यक्ष श्रीमती देवनंदनी साहू, जनपद पंचायत मगरलोड की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति ठाकुर, नगर पंचायत राजिम की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जितेन्द्र सोनकर, अध्यक्ष नगर पलिका नवापारा धनराज मध्यानी, अध्यक्ष नगर पालिका गरियाबंद अब्दुल गफ्फार मेमन, अध्यक्ष नगर पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष श्री जगदीश यादव, नगर पंचायत छुरा अध्यक्ष श्री खोमन चंद्राकर, वरिष्ठ नागरिक श्री राजेश साहू उपस्थित रहेंगे।

इस दौरान नेपाल जगतगुरु स्वामी श्री बालसन्त मोहनशरण देवाचार्य जी महाराज, महामंडलेश्वर शिव स्वरूपानंद जी महाराज, महामंडलेश्वर अनंतानंद जी महाराज, महामंडलेश्वर श्री प्रेमानंद गिरी जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान स्वरूपानंद अक्रिय जी महाराज, योगराज प्रणव चौत्यानंद जी महाराज, स्वामी श्री राजीव लोचन जी महाराज, महंत श्री भरत मुनि जी महाराज, महंत श्री राम सुंदर दास जी महाराज, महंत राजेश्वरानंद जी महाराज, महंत परमात्मानंद जी, महंत सर्वेश्वर दास जी, महंत अखिलेशानंद जी महाराज, महंत श्री नरेन्द्र दास जी महाराज, महंत श्री अनुसुइया दास जी महाराज, दंडी स्वामी श्री सच्चिदानंद तीर्थ जी महाराज, साध्वी अरूणा भारती जी, कबीर संत विचार दास जी, बालयोगेश्वर बालयोगी श्री राम बालकदास जी महाराज, ब्रह्मचारी इंदुभवानंद जी महाराज, राष्ट्रीय प्रवचन कर्ता संत प्रज्ञा भारती जी, संत युधिष्ठिर लाल जी महाराज, कबीर संत विजेन्द्र दास जी, संत गोवर्धन शरण जी महाराज, ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानंद जी महाराज, श्री उमेशानंद जी महाराज, श्री दिगम्बर जनकपुरी जी महाराज, थानापति गोपाल गिरी जी महाराज, आनंद गिरी जी महाराज, श्री नारायण भाई जी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी हेमा बहन जी एवं विशिष्ट साधु-सन्तों का सानिध्य प्राप्त होगा।

# कन्या पोटाकेबिन चिंताकुंटा में देर रात लगी आग

**बीजापुर 8 मार्च ।** उसूर ब्लाक के आवापल्ली से कुछ दूर कन्या आवासीय पोटाकेबिन में बुधवार रात लगभग 1 बजे भीषण आग लगने से पोटाकेबिन पूरी तरह आग से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आग लगने की घटना पर ड्युटी में तैनात अनुदेशकों एवं चौकीदारों ने तत्परतापूर्वक छात्रावास मे अध्ययनरत 308 छात्राओं को रेस्क्यू कर सकुशल सुरक्षित स्थान में पहुंचाया, वहीं बीजापुर के नगरसेना की टीम को सूचना मिलने पर अग्नि शमन के यंत्र के साथ त्वरित घटना स्थल पर पहुँच कर आग बुझाने का कार्य किया गया।



इस दौरान 4 वर्षीय मासूम बच्ची की आग में पूरी तरह जलने से मौत हो गई। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने मृत बच्ची के माता-पिता से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हे ढांढस बंधाया और आरबीसी 6-4 के तहत तत्काल 4 लाख रूपए की मुआवजा राशि मौके पर स्वीकृत करते हुए उनके माता-पिता को शासन के नियमानुसार हर संभव मदद करने की बात कही। पोस्टमार्टम के बाद बच्ची का अंतिम संस्कार करने एवं सुख-दुख की घड़ी में जिला प्रशासन सदैव साथ है कहकर आश्वस्त किया। बच्ची के शव को उनके गांव तक पहुंचाने अंतिम संस्कार हेतु आवश्यक सहयोग राशि प्रदाय करने के लिए मौके पर उपस्थित एसडीएम को निर्देश दिए। उक्त बच्ची के माता-पिता ने बताया कि उनकी बुआ कक्षा आठवी में अध्ययनरत है जिनके साथ पोटाकेबिन में कुछ दिनों के लिए रहने आयी थी।प्राकृतिक आपदा पीड़ित सभी छात्राओं को 5-5 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति हेतु 15 लाख 40 हजार रूपए मौके पर तत्काल स्वीकृत आगजनी की घटना में छात्राओं के कापी, पुस्तक, कपड़ा, स्कूल ड्रेस सहित अन्य दस्तावेज जलकर राख हो गए। कलेक्टर प्रातः से दोपहर तक मौके पर उपस्थित होकर सभी छात्राओं एवं प्रत्यक्षदर्शियों से घटना की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट से आगजनी होना पाया। सभी 308 छात्राओं को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शिफ्ट किया गया है। प्रशासन ने सभी छात्राओं से मिलकर उनका मनोबल बढ़ाया छात्राओं ने बताया कि उनके सारे सामान जल गए कलेक्टर ने प्रत्येक छात्रा को 5 हजार रूपए क्षतिपूर्ति की राशि स्वीकृत कर कपड़े एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान लेने को कहा। इस हेतु तत्काल मौके पर 15 लाख 40 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं इस दुखद दुर्घटना से उबरने के लिए जिनको माता-पिता घर ले जाना चाहते हैं उनको घर पहुंचाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करने को कहा और तत्काल ढाई-ढाई हजार रूपए प्रदाय करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि पालकों ने घटना को सुनकर अपने बच्चों से मिलने आए हुए थे और कुछ दिनों के लिए अपने बच्चों को ले जाना चाह रहे थे।

### मेडिकल टीम ने सभी बच्चों का कराई स्वास्थ्य जांच

कलेक्टर के निर्देश पर बीएमओ की उपस्थिति में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के टीम द्वारा सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराया गया विशेषकर उन बच्चों का प्राथमिकता से स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए गए जो कुछ दिनों के लिए अपने घर जा रहे हैं। स्वास्थ्य जांच के दौरान स्वस्थ पाए जाने के बाद ही आवश्यक नियमानुसार बच्चों को घर भेजा जाएगा।

### परीक्षा की चिंता न करें स्थानीय परीक्षा की तिथि में होगा संशोधन

बच्चों को कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय स्तर पर आयोजित होने वाली 6वीं से 9वीं एवं 11वीं की परीक्षा की तिथि में संशोधन किया जाएगा और परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार का तनाव नही लें 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में जिन छात्राओं का प्रवेश पत्र जल गए उनको भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है विभाग के पास एक प्रति प्रवेश पत्र होता है उनके हिसाब से परीक्षा में बिठाया जाएगा। 10वीं, 12वीं के बच्चों को पुस्तक तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं इन छात्राओं को अलग कक्ष में रखने को कहा गया ताकि परीक्षा की तैयारी कर सकें। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में 160 छात्राएं वर्तमान में रह रही हैं और अभी पोटाकेबिन के 308 छात्राओं के आने से गद्दा, बेड शीट, बिस्तर, चादर एवं अन्य दैनिक उपयोगी समानों का प्रबंध अन्य आवासीय संस्थाओं से वैकल्पिक रूप से त्वरित किया गया। इसके अलावा बाल्टी, मग्गा, साबुन, तेल सहित समुचित शौचालय की व्यवस्था करने को कहा गया।कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन में ड्यूटी के तैनात अनुदेशक श्रीमती रूकमणी झाड़ी, अनिता दुर्गम, कल्पना जुमार, कुमार अनसूर्या मारके, कुमारी सबरागिरी, ज्योति सहित भृत्य श्रीमती मल्ली ककेम, आदि तेलम, उइका तुलामी, रसोईया रतनी झाड़ी, स्वीपर मिच्चा तुलसी ने स्वयं का परवाह किए बगैर बच्चों का सकुशल रेस्क्यू का सरक्षित स्थान में पहुंचाने पर कलेक्टर उनके कार्यो की सराहना की। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने घटना स्थल का बारीकी से अवलोकन कर थाना प्रभारी एवं अन्य सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जगदलपुर की फोरेंसिक टीम सूक्ष्मता से जांच करने हेतु घटना स्थल पर पहुंची।

### घटना स्थल पर विभागीय अधिकारियों की रही मौजूदगी

घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम श्री वायके नाग, तहसीलदार श्री सूर्यकांत घरत, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल, सहायक आयुक्त श्री केएस मसराम, जिला परियोजना समन्वयक श्री विजेन्द्र राठौर सहित शिक्षा, पुलिस, नगर सेना विभाग के मैदानी अमला सहित जनप्रतिनिधि घटना स्थल पर उपस्थित होकर महत्वपूर्ण योगदान दिए।

# 10 हजार का ईनामी माओवादी मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर, 8 मार्च, (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मार्ग अवरूद्ध करने एवं पुलिस पार्टी को जान से मारने की नीयत से डीआरजी ब्लास्ट करने की घटना में थी शामिल जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना कुटरू एवं फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत की गई कार्यवाही में 01 महिला सहित 02 माओवादी की गिरुफ्तारी में पुलिस बल को सफलता मिली । थाना कुटरू एवं डीआरजी के बल द्वारा दिनांक 06/03/2024 को एरिया डॉमिनेशन के दौरान अम्बेली से 01 महिला माओवादी शांति ऊर्फ सोनी ऊर्फ सोनम कवासी पिता दशरू कवासी उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी अम्बेली थाना कुटरू को पकड़ा गया । पकड़े गये महिला माओवादी मिलिशिया सदस्य पर पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 5000/- का ईनाम घोषित है । पकड़े गये महिला माओवादी के विरूद्ध थाना कुटरू में 02 स्थाई वारंट लंबित है । छत्रन्न, थाना फरसेगढ एवं 13वी वाहिनी छसबल की संयुक्त टीम द्वारा एरिया डॉमिनेशन के दौरान चिन्तनपल्ली से 01 माओवादी मिलिशिया सदस्य लेकाम बुधराम पिता चिन्ना लेकाम उम्र 20 वर्ष निवासी चिंतनपल्ली थाना फरसेगढ़ को पकड़ा गया । जो दिनांक 25/11/2023 को ग्रामीण से मारपीट करने एवं लूट की घटना में शामिल था । उक्त माओवादी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10000/- का ईनाम उद्घोषित किया गया है । आवासीय कन्या पोटाकेबिन स्कूल





## आवासीय कन्या पोटाकेबिन स्कूल में आग लगने की घटना की उच्चस्तरीय जाँच हो: विक्रम मंडावी

**बीजापुर, 8 मार्च, (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आवापल्ली के पास ग्राम चिंताकोंटा में स्थित आवासीय कन्या पोटाकेबिन स्कूल में बीते रात आग लगने से एक बच्ची की मौत होने की घटना पर दुःख प्रकट करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि इस पूरे घटना की उच्चस्तरीय जाँच हो और दोषियों पर कार्यवाही हो, विक्रम मंडावी ने कहा कि बीते दिनों चेरामंगी छात्रावास में अध्ययनरत छात्र का आत्मा हत्या करना उसके बाद चिंताकोंटा का आवासीय कन्या पोटाकेबिन स्कूल जहां 300 से अधिक छात्राएँ रह कर अध्ययन कर रही थी उस पोटाकेबिन में आग लगना और आग में झुलसने से एक मासूम बच्ची की मौत हो जाना बेहद ही दुखद और चिंतनीय घटना है। ऐसी घटनाएँ नहीं होनी चाहिए। विधायक विक्रम मंडावी ने ज़िला प्रशासन से माँग करते हुए कहा कि मृतक बच्ची के परिजनों को प्रशासन मुआवज़ा दे और ऐसी घटनाओं से बचने के लिए ज़िला प्रशासन जिले के सभी छात्रावासों में सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम तत्काल करे। अन्यथा आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी ऐसी घटनाओं को लेकर उग्र आंदोलन करेगी। जिसकी संपूर्ण ज़िम्मेदारी ज़िला प्रशासन की होगी।



## नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या



**बीजापुर, 8 मार्च, (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर, 8 मार्च। आज देर शाम थाना जांगला क्षेत्र अंतर्गत भूरी पानी और कोटमेटा के बीच नक्सलियों ने जांगला के भाजपा नेता कैलाश नाग की निर्ममता से हत्या कर दी है बताया जा रहा है कि कैलाश नाग अपनी जेसीबी मशीन लेकर तालाब निर्माण कार्य हेतु भूरी पानी और कोटमेटा के जंगल. गया हुआ था बताते है नकसलियों ने पहले उसकी जेसीबी को आग के हवाले किया बाद में कैलाश का अपहरण कर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी यहां उल्लेखनीय है कि पांच दिन पहले ही नकसलियों ने तोयनार के जनपद सदस्य और भाजपा नेता तिरुपति कटला की भी निर्ममता से हत्या कर दी थी भाजपा सगठंन अभी इस घटना से उबर भी नहीं पाया कि ये दूसरी घटना घट गई घटना के बाद पुलिस क्षेत्र में सर्चिंग कर रही है जागंला क्षेत्र में इस घटना के बाद दहशत व्यापत होगे है।

## ग्राम पंचायत कोपरा के सचिव किशन साहू बर्खास्त

**राजिम, 8 मार्च।** ग्राम पंचायत कोपरा में पंचायत सचिव के रूप में पदस्थ किषन साहू को वित्तीय अनियमितता, पंचायत के ऑडिट में गड़बड़ी, शासकीय कार्यो में अरूचि, पद का दुरूपयोग, शासकीय दस्तावेजों में कूटरचना सहित राष्ट्रीय कार्यक्रम जल जीवन मिशन को गंभीरतापूर्वक संचालित नहीं करने एवं दायित्वों के विपरित पंच को पद से हटाने के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने आदेश जारी किये है। उक्त प्रकरण अंतर्गत कोपरा के सरपंच-सचिव द्वारा 15वें वित्त मद से बिना स्वीकृति राशि आहरण करने पर कुल 69 लाख 52 हजार 278 रूपये की वसूली भी की जायेगी। इसमें से सरपंच श्रीमती राजेश्वरी साहू से 34 लाख 76 हजार 139 रूपये एवं सचिव किशन लाल साहू से 34 लाख 76 हजार 139 रुपये की वसूली की जायेगी। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ ने एसडीएम राजिम को पत्र जारी कर उक्त राशि वसूली करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि सचिव किशन साहू द्वारा अपने पदीय दायित्वों के विपरीत वार्ड क्रमांक 06 के पंच श्रीमती दिलेश्वरी पटेल को धारा-36 के तहत पंच पद से बर्खास्त कर दिया गया था। तत्संबंध में उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, उनके द्वारा पत्र का जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत के मासिक बैठक में वार्ड क्रमांक 06 के पंच श्रीमती दिलेश्वरी पटेल एवं वार्ड कमांक 07 के पंच श्री अजय साहू को अकारण ही बैठक की सूचना नहीं दी। साथ ही बैठक में भाग लेने से रोका गया। उनके द्वारा 15वें वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2021-22 का ऑनलाईन आडिट निर्धारित समय-सीमा में नही कराया गया। तत्संबंध में जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नही किया गया। उन्हें निरंतर चेतावनी देने के उपरांत भी उनके द्वारा लगातार विधिसम्मत कार्य संपादन नहीं किया गया। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 में निहित प्रावधानों के तहत श्री किशनलाल साहू, ग्राम पंचायत सचिव के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किया गया है। विभागीय जॉच में श्री किशनलाल साहू, सचिव ग्राम पंचायत कोपरा द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 36 में उल्लेखित प्रावधानों के विपरित स्वयं एवं सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर से दिनांक 20.05.2023 को वार्ड क्रमांक 06 के पंच श्रीमती दिलेष्वरी पटेल को उनका पंच पद रिक्त होने की सूचना दिया जाना पाया गया।दिनांक 27.05.2023 को आहूत बैठक की सूचना जानबूझकर पंच श्रीमती दिलेष्वरी पटेल एवं पंच श्री अजय साहू को नहीं दिया जाना, नियत तिथि को उपस्थित रहने पर संबंधितों को बैठक में भाग लेने से मना किया जाना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत फिंगेष्वर तथा जिला अंकेक्षक से दूरभाष पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव कमांक 01 पारित कराया जाकर उन्हें बैठक में भाग लेने की अनुमति प्रदाय किया जाना पाया गया।वर्ष 2021-22 के 15 वें वित्त के आडिट की पूर्व सूचना होने के बावजूद भी नियत दिनांक 23.05.2023 को उपस्थित नहीं होना, पूर्व सचिव श्री जागेश्वर साहू से दिनांक 06.06.2023 को रोकड़पंजी, व्हाउचर फाईल प्राप्ति उपरांत भी ऑडिट हेतु दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराना, तत्संबंध में जिला पंचायत गरियाबंद के पत्र क्रमांक 1854 दिनांक 22.06.2023 द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाना पाया गया।

**एक नजर**

## विभिन्न नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**बलौदाबाजार, 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के निर्देश पर लोक सभा निर्वाचन संबंधित नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न हुई। उक्त प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अधिकारियों को प्रेजेंटेशन के जरिए चुनाव संबधित गतिविधियों एवं नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बलौदाबाजार, 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के.एल.चैहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम कसौंदी निवासी रामायण पिता पंचराम गोंड की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी मालती ठाकुर पति स्व. रामायण ठाकुर को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## डाक मतदान प्रक्रिया के दौरान सतर्कता व संवेदनशीलता जरूरी : कलेक्टर



**बलौदाबाजार, 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अन्तर्गत डाक मतदान प्रक्रिया एवं सावधानी के सबंध में गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के.एल. चौहान ने डाक मतदान की बारीकियों की जानकारी देते हुए संवेदनशीता एवं सतर्कता के साथ दायित्व निर्वहन करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि डाक मतदान के समबन्ध में मैदानी अमलों को भी गंभीरता से प्रशिक्षण दें। बुनियादी जानकारियों को बार बार बताएं ताकि डाक मतदान में रिजेक्शन की मात्रा कम से कम हो। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन सम्पन्न हुए कुछ ही माह व्यतीत हुआ है उसमें जो कार्य अनुभव हुआ है उससे लोकसभा निर्वाचन बेहतर ढंग से सम्पन्न कराने में लाभ मिलेगा। पिछली बार जो भी कमी या गलतियों हुई होंगी उसका दोहराव इस बार न हो। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में इसबार 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर जा कर डाक मतदान कारांना होगा। डाक मत पत्र से मतदान के पश्चात सभी प्रपत्रों को ध्यान से भरना है। प्रशिक्षण के दौरान सेवा मतदान, फार्म 12 एवं 12 क, फॉर्म 13 की प्रविष्टि, डाक मतदान की प्रक्रिया, सावधानी तथा सुविधा केंद्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि इस बार स्कूलों में भी सुविधा केंद्र बनाया जाएगा जिसके प्रभारी तहसीलदार होंगे। प्रशिक्षण में सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, उप जिलानिर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 8 मार्च।** अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं श्रीमती निधि नाग एसडीओपी बलोदाबाजा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शशांक सिंहके निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 5 मार्च को थाना पलारी से प्रधान आरक्षक 1020 रोहित सिंह आरक्षक त्रिलोकी बघेल राकेश पाटले की पुलिस टीम द्वारा ग्राम पलारी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3520 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मदिरा शराब कुल 5.76 बल्क लीटर शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र.153 /2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# चिरायु ने लौटाई नन्हे दारविश और शिवम की मुस्कान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 8 मार्च।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु के माध्यम से 6 माह के दारविश और 11 माह के शिवम के कटे होठ का ईलाज हो जाने से उनके चहरे पर मुस्कान लौट आया है।अब दोनों बच्चे सामान्य रूप से समाज में आगे बढ़ सकेंगे।

बलौदाबाज़ार खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा. अभिजीत बनर्जी ने बताया कि ग्रामङ्क भाटागांव और ग्रामङ्कजुड़ा के दारविश और शिवम के होठ जन्म से ही कटे हुए थे तथा रोजी मजदूरी करने वाले उनके परिजनों के लिए किसी निजी अस्पताल में बच्चों का ईलाज कराना काफी मुश्किल था। ऐसी स्थिति में बलौदाबाजार की चिरायु टीम द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए चिरायु योजना के माध्यम से रायपुर के एक बड़े निजी अस्पताल में पूरी तरह से निशुल्क ऑपरेशन करवाकर सामान्य जीवन प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम. पी. महिश्वर के अनुसार चिरायु के माध्यम से स्कूलों और आंगनवाड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। बलौदाबाजार चिरायु टीम में आयुष चिकित्सा अधिकारी डा. दिगेश्वर प्रसाद सेन, डा. आरजू परवीन कुरैशी, फार्मासिस्ट नारायण पटेल, एएनएम पूनम निषाद शामिल हैं।




## दिव्यांगों को बांटे गए सहायक उपकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 8 मार्च।** कलेक्टर के.एल. चैहान के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण मांग पश्चात हितग्राहियों को उपकरण प्रदाय किया गया। जिसमें बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम गैतरा निवासी 64 वर्षीय सहोद्रा वर्मा को श्रवण यंत्र एवं विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम खरतोरा निवासी 12 वर्षीय पूर्वेश कुमार व्हील चेयर प्रदान किया गया। इसके साथ ही मनहरण साहू, ज्योति गहरवाल एवं मेघनाथ बंजारे का कृत्रिम अंग हेतु नाप लिया गया। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम सहित विभाग के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



### 184 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित, विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरण

# महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : टंकराम

- योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर : मंत्री राजवाड़े
- खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सशक्त नारी समागम कार्यक्रम में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार 8 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बुधवार को यहां दशहरा मैदान में आयोजित सशक्त नारी समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 184 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिसमे स्वास्थ्य विभाग से 10, शिक्षा विभाग से 17, महिला एवं बाल विकास विभाग से 21, समाज सेवा क्षेत्र से 7, सशक्त नारी 7, स्वच्छ भारत मिशन से 22 तथा करीब 100 खिलाड़ी शामिल है।इसके साथ ही विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 6 लोगों को 4-4 लाख रुपये के मान से 24 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है वह करती है जिसके फलस्वरूप सबका भरोसा हम पर कायम है। महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है जिसे ध्यान में रख कर लगातार महिलाओं को मजबूत करने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है।

प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनने के विजन को साकार करने के लिए हम सबको मोदी जी का साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि अब गांव- गांव में महतारी सदन बनेगा जिसमें समूह की महिलाएं बैठक या अन्य कार्यक्रम आसानी से कर सकेंगी। पहले चरण में बलौदाबाजार के 40 गांव में महतारी सदन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार में खेल प्रतिभाओं की कमी नही है। जल्द ही जिला खेल के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ेगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे कहा कि नारी कैसे आगे बढ़े इसके लिए महिला समूहों का गठन किया गया है।अब महिलाएं केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन खाता के माध्यम से महिलाओं को बैंक से लेनदेन शुरू करने की पहल की है। अब महिलाएं बेहिचक बैंक जा रही है। घर -घर शौचालय निर्माण कराकर महिला सम्मान बढ़ाने का काम किये हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कम दाम में गैस सिलेंडर देने की बात को भी हमारी सरकार बहुत जल्द अमलीजामा पहनाएगी।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि की पहली किश्त अगले कुछ दिनों में महिलाओं के खाते में अंतरित कर दी जाएगी।हर माह एक हजार रुपया मिलेगा जिससे दैनिक खर्च के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कार्य मे लगा पाएंगी। हमारी सरकार बहुत तेजी से घोषणाओं को पूरा कर रही है। अब छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहने वाली है।

## पढ़ाई में नवाचारों का हो अधिक से अधिक उपयोग : कलेक्टर

### जिला स्तरीय एफएलएन महोत्सव में शामिल हुए कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 मार्च।** जिला स्तरीय एफएल.एन. महोत्सव का आयोजन डाइट रायपुर एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बलौदाबाजार द्वारा विप्र वाटिका गार्डन चौंक बलौदाबाजार में किया गया। इस महोत्सव में भाषा एवं गणित संबंधी 14 स्टाल की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिले के कलेक्टर कुमार लाल चौहांन द्वारा सभी स्टाल का अवलोकन किया गया तथा उपस्थित सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए उनका उत्साहवर्धन के साथ-साथ प्राथमिक स्तर के बच्चों की भाषा एवं गणित में प्रदर्शनी की उपयोगिता की संक्षिप्त जानकारी लेते हुए बच्चों की शिक्षा में नवाचार गतिविधियों का उपयोग अधिक से अधिक किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। एफएल.एन. महोत्सव का प्रारंभ जिला शिक्षा अधिकारी बी.एल.देवांगन, जिला मिशन समन्वयक एम.एल.ब्राम्हणी, सहायक संचालक बी.आर. पटेल, के.के.गुप्ता, मुकुंद साहू व्याख्याता डाइट एवं श्रीमती स्वाती दास व्याख्याता डाइट द्वारा मॉ सरस्वती की पूजा करके किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रारंभिक स्तर के बच्चों में भाषा एवं गणित की मूलभूत अवधारणा से अवगत करारया गया। इस कार्यक्रमें में कुल 14 स्टाल में 62 शिक्षकों द्वारा भाषा एवं गणित संबंधी स्टाल का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संकुल समन्वयकों एवं प्रतिभागियों का संबोधन एम.एल.साहू, जहीर अब्बास, खिलावन वर्मा सहायक कार्यक्रम समन्वयक, राजेन्द्र जोशी विखं शिक्षा अधिकारी बबा, राजेन्द्र टंडन, कैलाश साहू सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार सहस राम पाटकर बीआरसीसी सिमगा, अविनाश तिवारी बीआरसीसी बलौदाबाजार, जीवनलाल जोशी बीआरसीसी पलारी व लेखराम साहू बीआरसीसी भाटापारा द्वारा किया गया।



# सृजन अभियान: पुलिस ने चोरहानवागांव में नशे के विरुद्ध किया जनचौपाल का आयोजन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 मार्च।** सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहानवागांव में सृजन अभियान के तहत नशे के विरुद्ध जन चौपाल लगाकर नशे से होने वाले नुकसान के बारे में सहायक उप निरीक्षक नरेन्द्र मारकंडेय विष्णु टडंन ने बताते हुए कहा कि नशा नाश का प्रमुख कारण है नशा करने से व्यक्ति की सोचने व समझने की शक्ति धीरे धीरे कम होने लगती है। सही और गलत की पहचान नहीं कर पाने के कारण वह अपराध करने की ओर अग्रसर हो जाता है जिसके चलते नशेड़ियों के दशा और दिशा दोनों खराब हो जाते है। आप सभी ग्राम वासी अगर यह बात ठान ले कि हमारे गांव में किसी भी को शराब बेचने व पीने नहीं देंगे तो किसी की हिम्मत नहीं होगा कि गांव में आसानी से शराब बेच सके या शराब पीकर के गांव के माहौल को खराब खर सके। खासकर महिलाओं को आगे आना होगा तब जाकर शराब व अन्य नशीले पदार्थो की बिक्री बंद हो सकती है। हम आप के सहयोग के लिए हमेशा आप के साथ खड़े है।


### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला, निवास का पता- वार्ड नं. 14. पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, जामुल, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) जो कि इकाई मेसर्स शुक्ला ब्रदर्स, प्लाट क्रमांक 15/ एफएवं 15/एफ-1. हल्का औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला- दुर्ग के प्रोपराईटर है। उक्त इकाई को पट्टे की भूमि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग द्वारा पूर्व में आबंटित की गई है। श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा स्वास्थ्यगत कारणों से इकाई का स्वामित्व अपने पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार शुक्ला पिता श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला के नाम पर नामांतरण/हस्तांतरण किये जाने हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः यदि कोई व्यक्ति/सर्वसाधारण/संस्था को उपरोक्त भूमि के पट्टे के अधिकार के नामांतरण/हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है तो कृपया इस आम सूचना के प्रकाशन से 30 दिन के भीतर मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि संबंधित 30 दिन की अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी तरह की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

मुख्य महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
दुर्ग (छ.ग.)

### कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला गरियाबंद (छ.ग.)

//निविदा सूचना//

क्रमांक/CSMCL /2024/124 गरियाबंद, दिनांक 06/03/2024

गरियाबंद जिले में स्थित 06 देवी, 02 कम्पोजिट एवं 07 विदेशी मदिरा दुकानों में वित्तीय वर्ष 2023-24 अर्थात 01.04.2024 से 31.03.2025 की अवधि में संग्रहित खाली कार्टन (पुटठा) का विक्रय किया जाना है। खाली कार्टून का प्रति किलो ग्राम की दर से इच्छुक निविदाकारों से सीलबंद निविदाएं (तकनीकी बिड/प्राईज बिड पृथक-पृथक) दिनांक 21.03.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड जिला गरियाबंद में आमंत्रित की जाती है। सीलबंद प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दिनांक 21.03.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदा समीति द्वारा खोली जावेगी। निविदा की शर्तें/नियम, निविदा प्रपत्र तथा मदिरा दुकानों की अवस्थिति आदि की विस्तृत जानकारी अवकाश के दिवसों को छोड़कर निविदा प्रस्तुत करने के निर्धारित अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय पर खाली कार्टून निविदा फार्म 1000/- की दर से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, कार्यालय संयुक्त कलेक्टोरेट परिसर (जिला आबकारी अधिकारी गरियाबंद कक्ष क्रमांक 81) से प्राप्त की जा सकती है।

जिला आबकारी अधिकारी
सह जिला प्रबंधक CSMCL
जी-08378/2 जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

### न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

क्रमांक/679/तह./वा./2024
सिमगा, दिनांक 26/02/2024
रा.प्र.क्र. ........../ब-121/2024
ग्राम-चक्रवाय प.ह.नं. 01

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम चक्रवाय प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. सिमगा तहसील सिमगा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अशोक बंजारे पिता केजउ जाति सतनामी निवासी ग्राम चक्रवाय प.ह.नं. 01 थाना व तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उसकी बहन चंद्राणी पिता केजउ का मृत्यु दिनांक 05/07/1994 को ग्राम चक्रवाय में होने पर भूलवश मृत्यु पंजीयन ग्राम पंचायत चक्रवाय में नही करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/03/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा

### न्यायालय तहसीलदार खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/872/वा/तह./2024
खरोरा, दिनांकः-20/02/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक उपसंचालक कार्यालय कृषि विभाग जिला रायपुर के द्वारा कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन प्रेषित कर, उप मंडी खरोरा (केसला) हेतु ग्राम केसला स्थित भूमि खसरा नंबर 507, 508, 533/2, 533/4, 534 उक्त खसरा नंबर की भूमि को मध्यप्रदेश शासन कृषि विभाग की अधिसूचना क्रमांक 1885/3998/13-1 दिनांक 01/10/1974 से कृषि उपज मंडी खरोरा हेतु सुरक्षित रखा गया है, उपरोक्त खसरा नंबर की भूमि को आबंटन किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है जो जांच कर प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 14/03/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
खरोरा,
जिला-रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

रा.मा.क्र. 202403110300004/
अ 74 वर्ष 2023-24
ग्राम-नेवरा, प.ह.नं. 18
रा.नि.मं.-तिल्दा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **उप संचालक, कृषि विभाग रायपुर द्वारा ग्राम नेवरा, प.ह.नं. 08,** रा.नि.मं. तिल्दा, तहसील- तिल्दा-नेवरा, जिला- रायपुर (छ.ग.) स्थित **शासकीय भूमि खसरा नंबर 135/1, 135/10, 135/11, 135/12 का भाग रकबा क्रमशः 3.015, 0.036, 0.421, 0.008 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 3.480 हे.** को कृषि उपज मण्डी, नेवरा हेतु आबंटन किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि **01.04.2024** तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **01.03.2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202402092200106

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्-2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- महेंद्र कुमार नागदेवे,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेंद्र कुमार नागदेवे आ. हगरिया नागदेवे जाति महार सा.वार्ड नम्बर 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र प्रांजल नागदेवे आ. महेंद्र कुमार नागदेवे का जन्म दिनांक 04.03.2004 को स्थान ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15.03.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/02/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

क्रमांक/2133/न.पा.परि./2022-23 बीजापुर, दिनांक 01/03/2024

**।।अल्पकालीन मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना।।**

एतद द्वारा नगर पालिका परिषद् बीजापुर द्वारा निम्नांकित कार्यों के लिए निविदा दरें पंजीकृत डाक द्वारा सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती हैः-


1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 11/03/2024 शाम 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय :- 12/03/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय :- 12/03/2024 शाम 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | पानी टैंकर क्रय कार्य 02 नग (प्रति नग 2.485 लाख) | 4.97 | 5,000/- |
| 02 | विभिन्न वार्डों में बोरवेल खनन कार्य 20 नग हैण्डपंप स्थापना सहित (प्रति नग 1.50 लाख) | 30.00 | 22,500/- |
| 03 | ट्रेक्टर ट्राली क्रय कार्य 02 नग | 7.00 | 7000/- |
| 04 | ट्रेक्टर क्रय कार्य 02 नग (प्रति नग 7.737 लाख) | 15.47 | 16000/- |

नोटः- उपरोक्त निर्माण एवं क्रय कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, स्पेशीफिकेशन, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर से प्राप्त की जा सकती है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथिन का उपयोग न करें।
नगर पालिका करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीजापुर
जिला-बीजापुर (छ.ग.)










कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26